प्रयागराज, रविवार 01 दिसम्बर 2024 से शनिवार 07 दिसम्बर 2024 तक
वर्ष-12 , अंक-48
पृष्ठ- 8 मूल्य: 3 रूपये
TM
नगर संस्करण 12
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

## हिन्दी साप्ताहिक


आधुनिक समाचार

25/11/2024


आधुनिक समाचार

26/11/2024


आधुनिक समाचार

27/11/2024

**NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE**
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
**सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी**
**फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड**
कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है

(वरिष्ठ आई.पी.एस.) श्री अविनाश चन्द्रा
महानिदेशक
अग्निशमन सुरक्षा एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश
नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
Enjoy Publicity


आधुनिक समाचार

28/11/2024


आधुनिक समाचार


29/11/2024


आधुनिक समाचार


30/11/2024



01.pmd 1 11/30/2024, 5:18 PM







# विश्व हिन्दू महासंघ में पारित होगा हिन्दू राष्ट्र का प्रस्ताव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** विश्व हिन्दू महासंघ के प्रांतीय अधिवेशन में भारत को हिंदू




राष्ट्र घोषित करने, वक्फ बोर्ड समाप्त करने तथा न बँटेंगे-न करेंगे, सनातनी हैं सनातनी रहेंगे, जैसे प्रस्तावों पर गर्मागर्म बहस की जाएगी। उक्त बातें विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने एक प्रेस वार्ता में कही। प्रजापति ने कहा कि 29 नववर से 01 दिसंबर 2024 तक प्रयागराज के संगम तट पर होने वाले आँतीय माधिनेशन का उद्?घाटन मातृशक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्ष बाईसा करिश्मा सिंह (राजस्थान) करेंगी। लोक संन्यासी योगी आदित्य नाथ जी के आशीर्वाद से होने वाले इस तीन दिवसीय प्रीतीय अधिवेशन में उक्त प्रस्तावों के अतिरिक्त गुलामी का एहसास कराने वाले प्रतीकों को हटाने, गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने, मतांतरण एक प्रकार का राष्ट्रांतरण है, अतः यह बंद होना चाहिए तथा श्रीकृष्ण जन्मभूमि व काशी विश्वनाथ को अतिक्रमण मुक्त कराने जैसे प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। पारित प्रस्तावों को क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार को भेजे जाएंगे। राष्ट्रसंत अवैद्यनाथ सामाजिक समरसता सम्मान 'नो कास्ट हिंदू राष्ट्र के मिक्षा यात्री स्वामी दीपांकर जी, लोक संन्यासी योगी आदित्यनाथ संत सम्मान जूना अखाड़ा के अन्तरर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत प्रेम गिरी जी तथा दिग्विजयनाथ पत्रकारिता सम्मान चर्चित पत्रकार अमिताभ अग्निहोत्री को दिया जायूगा। प्रेस वार्ता में प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश। प्रमुख अनुज सिंह प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संतोषी मिश्र रुड कुमार पाठक, मनोज प्रजापति, रेखा श्रीवास्तव, भानंद वैश्य, आमुलीव प्रकीशानद, धोया शमी इत्यादि साथी उपस्थित रहे।


# सेंट जॉन्स कोएड नैनी स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** सेंट जॉन्स कोएड नैनी स्कूल में आज प्राइमरी विंग के बच्चों का पुरस्कार वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें स्कूल के प्रधानाचार्य व अन्य शिक्षकों निप विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनको अपना आशीर्वचन दिया इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी कला का जौहर दिखाते हुए दर्शकों का मन मोह लिया और इस प्रकार बच्चों की कठिन परिश्रम और अध्यापकों के द्वारा की गई मेहनत दिखाई पड़ रही थीइस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य श्री रेयान इनिस, वाइस प्रिंसिपल, एकेडमिक हेड श्री संदेश कर उप प्रधानाचार्य श्रीमती मैथ्यूज कोऑर्डिनेटर श्रीमती रतन गुप्ता और स्कूल के सभी शिक्षकगण श्रीमती सोनिका सिंह श्रीमती डियान श्रीमती जौहरी श्रीमती माया शर्मा श्रीमती रॉबिंस अन्य अध्यापक और अध्यापिकाएं व छात्रों के परिजन उपस्थित रहे।




# कैंट स्टेशन के पार्किंग में लगी भीषण आग, सैकड़ों वाहन जलकर खाक; मौके पर मची अफरातफरी


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही कैंट रेलवे स्टेशन के पार्किंग के पास दमकल दस्ता भी पहुंच गई। आग पर काबू पाने के लिए तीन गाड़ियां लगी हुई



थीं। काफी मशक्कत के बाद भीषण आग पर काबू पाया गया। समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया नहीं तो घटना और भी ज्यादा बड़ी हो सकती थी।कैंट स्टेशन पर कर्मचारियों के दुपहिया वाहन पार्किंग में शुक्रवार/ शनिवार की देर रात अचानक आग लगने से एक एक करके लगभग सैकड़ों वाहन जलकर खाक हो गए। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़िया आग को काबू करने में लगी गई थीं। समय रहते इस पर काबू पा लिया गया नहीं तो और भयावह स्थिति हो जाती। कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक के पास रेल कर्मियों की बाइक और स्कूटी की वाहन पार्किंग है। रात के समय एक वाहन में आग लगी तो उसे कर्मियों ने बुझा दिया। कुछ देर बाद दूसरी तरफ से गाड़ियों में आग लगनी शुरू हो गई। देखते ही देखते सभी वाहन धूं-धूं कर जलने लगे। आरपीएफ और जीआरपी के साथ रेलकर्मी बचाव में जुट गए थे।आग की लपट इतनी विकराल थी कि आग के बीच किसी की जाने की हिम्मत नहीं हुई। किसी तरफ जीआरपी और आरपीएफ के जवान पार्किंग में घुसे और एक लेन में खड़ी 30 से अधिक वाहन को किसी तरह सुरक्षित स्थान पर पहुंचाएं। जीआरपी कैंट प्रभारी हेमंत कुमार सिंह और एसआई धनंजय मिश्रा और आरपीएफ के प्रभारी संदीप यादव और उनकी टीम ने अथक प्रयास से अन्य वाहन को बचा लिया। घटना के बाबत उत्तर रेलवे के उच्चाधिकारियों ने भी जानकारी ली है। कैंट स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता भी मौके पर पहुंचे।

# क्रीं कुंड में मनाया महानिर्वाण दिवस, मंत्रों से गूंजा अघोरपीठ बाबा कीनाराम स्थल; जुटे भक्त

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** बाबा अवधूत भगवान राम के महानिर्वाण दिवस के अवसर पर अघोरपीठ बाबा कीनाराम स्थल क्रीं कुंड में में हजारों भक्तों का जमावड़ा रहा। बाबा की भव्य आरती के बाद कथा-प्रवचन हुआ। इसके बाद लोगों में प्रसाद वितरण किया गया।बाबा अवधूत भगवान राम का महानिर्वाण दिवस मनाया गया। अघोरपीठ बाबा कीनाराम स्थल क्रीं कुंड में सुबह साफ-सफाई और दैनिक आरती के बाद महानिर्वाण दिवस का कार्यक्रम शुरू हुआ। क्रीं कुंड पीठ के पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम के दिशा-निर्देशन में अघोरेश्वर महाप्रभु की समाधि व प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात उनकी आरती की गई और प्रसाद अर्पित किया गया। इसके बाद



सफल योनि पुस्तिका का पाठ किया गया। इसके बाद भक्तों ने अघोरानाम परो मंत्रः-नास्ति तत्त्वं एवं श्री सर्वेश्वरी त्वं पाहिमाम शरणागतम... मंत्र का जाप किया। अंत में भंडारा में प्रसाद वितरण हुआ। महानिर्वाण दिवस बाबा पर औघड़ बाबा गुरुपद संभव राम के सान्निध्य में श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। अघोरेश्वर महाप्रभु की समाधि में अघोरेश्वर महाप्रभु की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि, माल्यार्पण, पूजन एवं आरती किया। श्री पृथ्वीपाल ने सफलयोनि का पाठ किया। उन्होंने कहा कि मिलावटखोरी जान-बूझ कर की जाने वाली सामूहिक हत्या के सामान 'मुंडे-मुंडे मते भिन्ना', सबकी मति अलग-अलग रहेगी, तो उसका प्रभाव उतना ही कम होगा। यदि हमलोग एकजुट होकर एक मत रहेंगे और उस ईश्वर पर विश्वास करेंगे तो हमारी जो मानसिक शक्ति है वह बहुत व्यापक होगी।

# लाश को लेकर रात भर बैठा रहा पति, एक साल पहले हुई थी लव मैरिज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** विवाहिता की मौत की खबर मिलते ही मौके पर कोतवाली की पुलिस भी पहुंच गई। आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पति ने ही पुलिस को बुलाया था। उसने बताया कि वह रात भर अपने पत्नी की लाश लेकर कमरे में बैठा रहा।आजमगढ़ के नगर कोतवाली क्षेत्र के आराजीबाग मुहल्ले में रह रही विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर बीती देर रात लगभग 11



बजे किराए के मकान आत्महत्या कर ली। पति पूरी रात शव को लेकर बैठा रहा, सुबह पुलिस घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महराजगंज थाना क्षेत्र के हूंसेपुर गांव निवासिनी सीमा राजभर (22) पुत्री मिठाई ने एक साल पूर्व अजय राजभर से लव मैरिज की थी। इसके बाद वह शहर में किराए का मकान लेकर उसके साथ रहने लगी। लगभग 15 दिन पूर्व उसने नगर के आराजीबाग मुहल्ले में किराए पर कमरा लिया था और वह अपने पति अजय के साथ रहने लगी।




# रिलांयस स्मार्ट बाजार द्वारा बिजली के पोल,स्ट्रीट लाईट पोल पर बैनर लगा बनाया प्रचार का माध्यम दुर्घटनाओं की आशंका ईओ व एसडीओ को कार्यवायी के लिए सौंपा ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**ओबरा।** तहसील ओबरा अन्तर्गत रिलांयस स्मार्ट बाजार व्दारा बिना अनुमति के पुरे ओबरा नगर क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर सभी विद्युत पोल, स्ट्रीट लाईटों पर अपने मॉल का प्रचार का साधन बनाया गया हैं। जिससें विद्युत पोल में बैनर पोस्टर बेतरतीब तरीके से लगाए जाने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी है लाईनमैंन को पोल पर चढ़ने में हो रही समस्या साथ ही ओबरा नगर पर स्ट्रीट लाइट और बिजली के खंभे मुफ्त में अपना के प्रचार लिए साधन साबित हो रहे हैं। साथ ही ओबरा हनुमान मंदिर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस के स्मृति के पूरे किनारे किनारे रिलांयस स्मार्ट बाजार द्वारा अपना बैनर लगाकर किया जा रहा हैं। जिसको लेकर सेवा ही संकल्प की टीम राकेश केशरी व मनीष विश्वकर्मा द्वारा जनपद स्तर के अधिकारीयों सहित विद्युत विभाग के उप खंड अधिकारी आशीष शुक्ला व नगर पंचायत ओबरा के अधिशासी अधिकारी मधुसूदन जायसवाल को ज्ञापन सौंपा और यह मांग किया।

# उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डीएम द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर किया गया सम्मानित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में मिशन शक्ति अभियान-5.0 के तहत महिलाओं द्वारा सामाजिक व अन्य क्षेत्रों में



उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किये, शिक्षा, खेलकूद, उद्यम, समाजसेवा, चिकित्सा व कला-संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालीं 10 महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत नारी शक्ति सम्मान से महिलाओं को अंग वस्त्र और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया, सम्मानित होने वाली महिलाओं में सुमंगला को खेल के क्षेत्र में अनीता गुप्ता को योग एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में मीनाक्षी को स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रतिभा कनोड़िया को सामाजिक कार्य क्षेत्र में रंजना अग्रवाल को शिक्ष एवं सामाजिक कार्य के क्षेत्र में अंकिता केजरीवाल को सामाजिक कार्य क्षेत्र में डॉ0 अनुपमा सिंह को चिकित्सा के क्षेत्र में, सरिता श्रीवास्तव को शिक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में, संगीता श्रीवास्तव को महिला उत्पीड़न के प्रति जागरूक करने एवं सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर इन महिलाओं सम्मानित किया गया है, इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामीगंगे राहुल यादव, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह उपस्थित रहें। इस दौरान सम्मानित महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए, उन्होंने कहा कि महिलाओं का समाज में वर्चस्व बढ़ रहा है, वह चाहे प्रशासनिक हो, शिक्षा का क्षेत्र हो या चिकित्सा, कला, खेल-कूद, संस्कृति, उद्यम हो या नवाचार। समाज में महिलाओं के सामाजिक योगदान की स्वीकार्यता बढ़ी है। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नारी शक्ति ही सभ्यता की पहचान है और नारी सशक्तिकरण हम सबका दायित्व है। मौके पर अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे महिला थाना प्रभारी सविता सरोज, दीपिका सिंह एवं संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# पशु तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार वाहन सीज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा 11 अदद (06 गाय,03 बछिया,02बछड़ा) 1अदद मैजिक मय 02 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्ता पुलिस अधीक्षक अशोक



कुमार मीणा के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी नगर डॉ चारू द्विवेदी के आदेश के क्रम मे गुरुवार को उ0नि0 बृजेश कुमार मय हमराह हे0का0 शिवकुमार यादव, हे0का0 अरविन्द कुमार का0 अनुज कुमार मय सरकारी वाहन सं0 ळझ् 643 0309 ग्राम सुकृत में मामूर थे कि मुखबिर खास ने आकर सूचना दिया कि साहब एक मैजिक जिसका नम्बर ळझ् 64 ऊ 6587 है जिसमें पशु तस्कर कुछ पशुओं को घोरावल से लादकर आ रहे है, और चैनपुर जायेगे, थोडी ही देर में पहुचने वाले है, यदि जल्दी किया जाए तो पकडे जा सकते है, मुखबिर की इस सूचना पर विशवास करके मुखबिरी सूचना से हमराहीगणों को अवगत कराकर मय हमराह मय मुखबिर को सुकृत बैरियर/स्पीड ब्रेकर के पास पहुँचा, वाहन को किनारे लगाकर वाहनो की चेकिंग करने लगे, कि कुछ देर बाद ही एक मैजिक जिसका नं0 ळझ् 64 ऊ 6587आती दिखाई दी कि नजदीक आने पर रुकने का इशारा किया गया तो भागना चाहा, कि एक बारगी दबिश देकर हिकमत अमली से ब्रेकर के पास पकड लिया गया। वाहन को किनारे कराकर गाडी चला रहे व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए भागने का कारण पूछा गया तो अपना नाम 1.महेश कुमार पुत्र स्व0 अशोक कुमार नि0 बृन्दावन थाना नौगढ़ जनपद चन्दौली उर्म करीब 19 वर्ष ,2. रिशु यादव उर्फ विकाश यादव पुत्र स्व0 योगेन्द्र यादव नि0 सतोहा नकवई थाना नौगढ़ जनपद चन्दौली उर्म करीब 20वर्ष बताया तथा भागने के बारे में बता रहा है कि साहब इस मैजिक मे 11अदद 06 गाय,03 बछिया,02बछड़ा लिए है जिसको बेचने के लिए अहिरौरा मिर्जापुर ले जा रहे है।वही कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-912/2024 धारा 11/10 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम करवाई में जुटी ।

# सुरक्षा से संपूर्ण सुरक्षा विषय पर एडवोकेसी कार्यशाला का आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** शुक्रवार को संपूर्ण सुरक्षा केंद्र म्वशामी राज्य चिकित्मा महाविद्यालय (जिला चिकित्सालय) जिला अधिकारी / प्रतिनिधि डा0 सुरेश कुमार सिंह प्रधानाचार्य महोदय ने प्न् से बचने उपाय भी बताये तथा लोगों को प्न् से सतर्क कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 वी सागर, जिला समाज अकल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, श्रम



सोनभद्र में सुरक्षा से संपूर्ण सुरक्षा तर्क् ेव् प्न् नेगेटिव क्लाइंट के जन जागरुक हेतु एक एडवोकेसी मीटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जिला अधिकारी / मुख्य चिकित्सा अधिकारी / प्रधानाचार्य एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कि अध्यक्षता में कार्य क्रम आयोजित किया गया जिसमे उ0प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के अधिकारी दिशा क्लस्टर के जिला कार्यक्रम अधिकारी डा0 रोहित पाण्डेय, नागेन्द्रमणि मिश्रा, जी द्वारा प्न् 4 कि बात जैसे कि प्न् किन किन कारणों से फैलता है तथा इसका बचाव क्या है साथ ही साथ प्न् कि जाँच और सुविधाओं के बारे में वृस्तित जानकारी दी गयी। रहने का उअपय भी बतया कार्यकर्म जिला समाज कल्याण अधिकारी, थम परिवर्तन अधिकारी जिला कार्यकर्म अधिकारी लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना अधिकारी (टी आई) संपूर्ण सुरक्षा केंद्र से सुनील कुमार श्रीवास्तव व0 परामर्शदाता, मयंक पाण्डेय (प्रबंधक संपूर्ण सुरक्षा केंद्र) फील्ड बोर्कर सुनीता पाण्डेय, अशोक कुमार सिंह, वाचस्पति मिधा (थ्ऊ) महित चिकित्सालय के अन्य चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे। उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अश्वनी कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 जी एस यादव, जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 आर जी यादव, प्रधानाचार्य डा0 सुरेश परिवर्तन अधिकारी, डा0 एस एस पाण्डेय व0 चिकित्सा अधिकारी, डा0 जी रहमान, डा0 प्रीतम पाठक असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, डा0 दीप्ती सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर, डा0 मोनिका सिंह, डा0 वी के श्रीवास्तव, डा0 संदीप सिंह,आर दी कौशल ÿ, सुनील कुमार श्रीवास्तव परामर्शदाता,मयंक पाण्डेय (प्रबंधक),मयंक पाण्डेय (प्रबंधक), शिवशंकर सिंह ऊघ् प्रोजेक्ट मेनेजर, वाचस्पति मिश्रा अशोक कुमार अवनीश मिश्रा अमित मुकला अशोक अभिजित अन्य लोग उपस्थित रहे।साथ ही साथ 1 दिसम्बर विश्व एड्स दिवस मनाये जाने कि भी जानकारी दी गयी और प्न् क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को परस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# पेशाब कांड के एक और आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**शक्तिनगर ।** शर्मसार करने वाली वारदात मामले में बता दें कि बीते 26 सितंबर की रात लगभग 8 बजे शक्तिनगर थाना क्षेत्र के खड़िया बैरियर के समीप हुए पेशाब कांड का पांचवा आरोपी प्रीतम उर्फ अजीत पुत्र रामकेश उर्फ़ अन्नू निवासी चिल्काडांड को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल रवाना कर दिया। पीड़ित पवन खरवार के भाई शिवकुमार खरवार ने बीते 2 अक्टूबर को शक्तिनगर थाने की पुलिस को तहरीर देकर पांच नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।आरोप था की भाई पवन खरवार को उक्त युवकों द्वारा लाठी डंडे से बेरहमी पिटाई के बाद उसके ऊपर पेशाब कर वीडियो भी बनाया था । शक्तिनगर थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह ने बताया कि अंबेडकर नगर मोड़ के समीप से प्रीतम उर्फ अजीत कहीं जाने के फिराक में था । पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर उक्त युवक को गिरफ्तार कर अग्रिम करवाई में जुटी।

# मेडिकल स्टोर पर आई महिला का बैग लेकर युवक हुआ फरार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
शक्तिनगर ।अनपरा थाना अंतर्गत बाजार स्थित एक मेडिकल स्टोर में दवा लेने आई महिला का पैसों से भरा बैग छीनकर एक युवक फरार हो गया। जिसकी पूरी वारदात मेडिकल स्टोर में लगी सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है।जिसकी पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी शिव प्रताप वर्मा ने बताया कि मोबाइल मीडिया से मामले की जानकारी मिली है।जानकारी पर पता चला की सीदहवा की रहने वाली महिला अनपरा बाजार में एक मेडिकल स्टोर पर आई थी बगल में अपना बैग रखकर दवा ले रही थी कि एक युवक पीछे से आया और बैग लेकर फरार हो गया। यह घटना गुरुवार दोपहर बाद की बतायी जा रही है।जिसकी जांच की जा रही है। फिलहाल अभी तक युवक की पहचान नहीं हो पाई है।

# ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट गोदाम का जिलाधिकारी ने किया मासिक निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट गोदाम कक्ष का सी0सी0टी0वी0



के माध्यम से लिये जायजा, सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देशङ जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट गोदाम का मासिक निरीक्षण किये, इस दौरान गोदाम की सुरक्षा के साथ ही आवश्यक व्यवस्था का जायजा लिया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा मासिक व त्रैमासिक निरीक्षण किया जाता है, जिसकी रिपोर्ट भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजा जाता है। निरीक्षण के दौरान गोदाम में लगे सी0सी0टी0वी0 के माध्यम से बारी-बारी से ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट के कक्षों की स्थिति का जायजा लिया गया और सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षा बलों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दियें। इस दौरान उन्होंने कहा कि गोदाम परिसर के आस-पास के झाड़ियों का कटान व साफ-सफाई भी करा ली जाये। इस मौके पर सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# स्वशासी राज्य महाविद्यालय जिला चिकित्सालय में एचआईवी संबंधित गोष्टि का हुआ आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**संपूर्ण सुरक्षा केंद्र स्वशासी राज्य महाविद्यालय (जिला चिकित्सालय) सोनभद्र में सुरक्षा से संपूर्ण सुरक्षा तक नेगेटिव क्लाइंट के जन जागरुक उपाय भी बताये तथा लोगो को प्ध्न् में सतर्क रहने का उपाय भी बताया परियोजना अधिकारी (टी आई) संपूर्ण सुरक्षा केंद्र से सुनील कुमार श्रीवास्तव व परामर्शदाता, मयंक पाण्डेय (प्रबंधक संपूर्ण



हेतु एक एडवोकेली मीटिंग कार्यशाला जिला अधिकारी/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी / प्रधानाचार्य एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जी कि अध्यक्षता में कार्य क्रम आयोजित किया गया जिसमे उ0प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के अधिकारी दिशा कलस्टर के जिला कार्यक्रम अधिकारी डा0 रोहित पाण्डेय, नागेन्द्रमणि मिश्रा, द्वारा प्ध्न् 4 कि बात जैसे कि प्ध्न् किन किन कारणों में फैलता है तथा इसका बचाव क्या है। साथ ही माथ प्ध्न् कि जॉच और सुविधाओं के बारे में वृस्तित जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रिंसिपल डा0 सुरेश कुमार सिंह प्रधानाचार्य ने प्ध्न् से बचने के लिए सुरक्षा केंद्र) फील्ड वोकेर सुनीता पाण्डेय, अशोक कुमार सिंह, वाचस्पति मिथा महिला चिकित्सालय के अन्य चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 जी एस यादव,जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 आर जी यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 वी सागर,अशोक कुमार, अवनीश मिश्रा, अमित शुक्ला, अशोक ,राहुल कुमार,पुष्पेंद्र शुक्ला अन्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही साथ 01 दिसम्बर विश्व एड्स दिवस मनाये जाने कि भी जानकारी दी गयी और प्ध्न् क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को प्रसस्वि पत्र पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# प्रदूषण विभाग के सभी नियम कानून की उड़ाई जा रही है धज्जियां प्रशासन मौन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**डाला सोनभद्र।** बारी स्थित क्रेशर प्लांट से हो रहे प्रदूषण से क्षेत्र में कमाई को बचाने में लगे हुए हैं आम जनता की स्वास्थ्य की स्थिति दिन पर दिन बेहद ही खराब होती जा है कि इसी रास्ते होकर सांसद विधायक जिले के आल्हा अधिकारी सभी इस मार्ग से होकर आते जाते




स्थिति बहुत ही भयानक हो चुकी है ऐसा लगता है मानो। 24 घंटे घने बादल व कोहरा छाए हुए हैं जिला अधिकारी प्रदूषण विभाग के सभी नियम कानून को ताक पर रखकर डाला बाड़ी लंगड़ा मोड कोटा टोला डाला में संचालित क्रेशर प्लांट से उड़ रहे धूल से भयावह स्थित क्षेत्र में व्याप्त है सारे नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं अधिकारी अपनी कुर्सी की रही है सूत्रों की मांने तो क्रशर प्लांट के क्षेत्र में शाम के टाइम इतना भयानक प्रदूषण अपना रूप पकड़ लेता है कि वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग का रोड दिखाई नहीं देता है पानी का प्रतिदिन छिड़काव होना होना चाहिए स्थित वैष्णो मंदिर से लेकर डाला बाजार या यूं कहीं पूरा डाला ओबरा में वातावरण पूरी तरह से प्रदूषित हो चुका है सबसे बड़ी विडंबना यह हैं लेकिन किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता इस दूषित वातावरण से फर्क तो पड़ता है यहां के रहने वाले रहनवासियों को रहने वाले लोगों ने न जाने कितनी बार शासन प्रशासन से इसकी शिकायत की लेकिन प्रशासन पूरी तरह से मौन धारण किए हैं कारण उनकी मोटी कमाई जनता त्रस्त है अधिकारी मस्त हैं क्या फर्क पड़ता है इन अधिकारियों को।

# लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से मौत मामले में 6500 जुर्माना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** अहरौरा में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से मौत होने के मामले में कोर्ट ने दोषी को 6500 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना नहीं देने पर 15 दिनों के कारावास की सजा भुगतनी होगी। अहरौरा थाने पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से मौत होने का मुकदमा दर्ज था। मामले में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों को कोर्ट के समक्ष पेश कर गवाही कराई। इसके परिणाम स्वरूप कोर्ट ने आरोपी भइया लाल निवासी मोधव थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को 6500 के जुर्माने की सजा सुनाई।

# हाईवा से बालू उतारते समय दबने से नाबालिग की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मड़िहान/हलिया।** मड़िहान के कोटवा मोड़ मगर मुड़े गांव के पास शुक्रवार सुबह हाईवा से बालू उतारते समय बालू के नीचे खलासी दब गया। बालू से निकालकर उसे ट्रामा सेंटर मिर्जापुर लाया गया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हलिया गांव निवासी 17 वर्षीय ओमप्रकाश गांव के ही हाईवा चालक के साथ खलासी का कार्य करता था। शुक्रवार सुबह मड़िहान के कोटवा मोड़ के पास मुड़े गांव में हाईवा से बालू गिराने के लिए उसने डाला खोला। डाला खोलते ही वह बालू के नीचे दब गया। चालक बालू के नीचे दबे खलासी को बाहर निकालकर एंबुलेंस से ट्रामा सेंटर मिर्जापुर लेकर आया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। चालक ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाइयो में दूसरे नंबर पर था। मौत की जानकारी मिलने पर पहुंची मड़िहान पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मड़िहान थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# नवनिर्वाचित मझवां विधायक शुचिस्मिता मौर्य ने ली शपथ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** मझवां विस उपचुनाव में जीत हासिल करने के बाद शुक्रवार को शुचिस्मिता मौर्य ने लखनऊ में पद और गोपनीयता की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हें शपथ दिलाई। मझवां उपचुनाव में उन्होंने 4922 मतों से सपा की डॉ गीता बिंद को शिकस्त दी। शुचिस्मिता मौर्य शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के मौजूदगी में शपथ ग्रहण की।

# पिछडा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सचालीत शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत आनलाईन पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित किये जा रहे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सोनभद्र विद्या देवी ने अवगत कराया है कि जनपद के समस्त अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के आवेदको को सूचित किया जाता है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजनान्तर्गत आनलाईन पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। शादी हेतु अनुदान योजना के अन्तर्गत आवेदक द्वारा आनलाईन आवेदन शादी की तिथि के 90 दिन पूर्व तथा 90 दिन पश्चात तक करना अनिवार्य है। आवेदको द्वारा आवेदन किये जाने हेतु अभिलेखों की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि आवेदक एवं पुत्री दोनो के आधार कार्ड मोबाइल नम्बर से लिंक होनी चाहिए (ओ0टी0पी0 सत्यापन



हेतु), आवेदक का जाति प्रमाण-पत्र, आवेदक का आय प्रमाण-पत्र, शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र हेतु वार्षिक 1,00,000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक न हों, शादी का कार्ड, वर का आयु प्रमाण पत्र, अनुदान प्राप्त करने हेतु एक परिवार से अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान अनुमन्य होगा, बैंक पासबुक, (जो सी0बी0एस0 शाखा का होना चाहिए एवं आधार से लिंक होना चाहिए)। उन्होंने बताया कि आवेदक समस्त अभिलेखों के साथ विभागीय साइट पर स्वयं अथवा सहज जन सेवा केन्द्र के माध्यम से आनलाईन आवेदन कर सकते है। शादी अनुदान योजनान्तर्गत प्रति लाभार्थी 20 हजार रूपये की धनराशि देय है। उक्त योजना के सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन लोढ़ी, कमरा नम्बर 37 में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

# ओएमआर शीट पर ली गई निपुण परीक्षा, 97 प्रतिशत रही उपस्थिति

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** जिले के परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक से तीन तक के विद्या थियों का शुक्रवार को निपुण टेस्ट हुआ। ओएमआर शीट पर होने वाली इस परीक्षा में कक्षा एक से तीन तक के 106000 विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा में 97 प्रतिशत छात्र परीक्षा में शामिल हुए। नगर विकास खंड के 138 विद्यालयों में पंजीकृत 9506 विद्यार्थियों में से 9331 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। बीईओ रविंद्र शुक्ला ने निरीक्षण किया। लालगंजः के विद्यालयों में दो दिवसीय निपुण एसेसमेंट ऑनलाइन परीक्षा शुक्रवार को सख्त निगरानी के बीच शुरू हुई। पहले दिन कक्षा एक से तीन तक के 4976 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, 180 पंजीकृत विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर विभागीय अधिकारियों और परीक्षकों की कड़ी नजर रही। खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र त्रिपाठी ने छाहुर, मझिगवां, कंपोजिट विद्यालय रामपुर, वसीद अली पतुलकी और हरदिहा, बसही प्राथमिक विद्यालय के प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। बताया कि परीक्षा के लिए विद्यालयों को ही केंद्र बनाया गया। पंजीकृत 5156 विद्यार्थियों में से 4976 विद्यार्थी उपस्थित रहे। भाषा एवं गणित विषयों की परीक्षा दी। परीक्षा की पारदर्शिता और सुचारू संचालन के लिए एसआरजी (स्टेट रिसोर्स ग्रुप) और एआरपी (अकादमिक रिसोर्स पर्सन) की ड्यूटी लगाई गई थी।

# देश/विदेश




मेरा देश भारत


## नोएडा मीडिया क्लब द्वारा नोएडा मीडिया कप 2024 का आयोजन: क्रिकेट के उत्साह से भरपूर होगा दिसंबर माह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** ोएडा मीडिया क्लब द्वारा आयोजित नोएडा मीडिया कप 2024 का रोमांच एक दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट 14 दिसंबर को फाइनल मैच के साथ संपन्न होगा। सभी मैच टी-20 फार्मेट में खेले जाएंगे, जो दर्शकों के लिए एक रोमांचक और उत्साहपूर्ण अनुभव प्रदान करेंगे। इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें नोएडा मीडिया क्लब, ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब, फोनरवा, नोवरा, एनईए, एक्टिव एनजीओ, नेटवर्क 10 और अन्य शामिल हैं। यह आयोजन न केवल क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बेहतरीन अवसर होगा, बल्कि यह मीडिया और समाजसेवी संगठनों के बीच सौहार्दपूर्ण प्रतिस्पर्धा और सहयोग को बढ़ावा देने का एक प्रयास भी है। प्रेस वार्ता में बताई टूर्नामेंट की विशेषताएं आज नोएडा मीडिया क्लब में हुई एक प्रेस वार्ता में स्पोर्ट्स कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने कहा कि इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य खेल भावना को बढ़ावा देना और सामाजिक संगठनों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमों से कोई एंट्री फीस नहीं ली गई है, जिससे यह एक सामूहिक और समान रूप से सहभागी आयोजन बन सके। महासचिव लोकेश चौहान ने बताया कि इस टूर्नामेंट में विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं, मीडिया घरानों और स्थानीय संगठनों के बीच बेहतर नेटवर्किंग और आपसी समझ को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस आयोजन में विभिन्न प्रमुख कंपनियाँ और संस्थाएँ अपना सहयोग दे रही हैं। समर्थन करने वाली कंपनियां नोएडा मीडिया कप 2024 के आयोजन में कई प्रतिष्ठित कंपनियों और संस्थाओं ने सहयोग किया है। इनमें प्रमुख नाम शामिल हैं: यू-फ्लैक्स, बनारसी जीरा, समुराई पवित्रा कंपनी, मदरलैंड अस्पताल, एचआरडी ग्रुप, एनएईसी, रिद्धी सिद्धी पेपर, एवियर कॉलेज और धर्मशिला कैंसर अस्पताल। इन संस्थाओं का योगदान टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए महत्वपूर्ण होगा। उत्साही मुकाबले और क्रिकेट का जश्न यह टूर्नामेंट नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में क्रिकेट के उत्साह को बढ़ाने के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म साबित होगा। मीडिया क्लब के सभी सदस्य और स्थानीय नागरिक इस आयोजन का हिस्सा बनकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे और समाज में खेल के प्रति रुचि को और बढ़ावा देंगे। नोएडा मीडिया कप 2024 निश्चित रूप से न केवल क्रिकेट के खेल को प्रमोट करेगा, बल्कि एकता, सहयोग और समुदाय की भावना को भी प्रोत्साहित करेगा।




## ब्रिटिश राज में पैदा हुआ शख्स जेल में काट रहा सजा, 104 साल की उम्र में मांगी जमानत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रसिक चंद्र मंडल का जन्म 1920 में मालदा जिले के एक गुमनाम गांव में हुआ था। इसी साल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अंग्रेजों के खिलाफ असहयोग आंदोलन शुरू किया था। मंडल ने एक सदी से भी अधिक समय बाद अपनी आजादी के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है हत्या के दोषी 104 साल के बुजुर्ग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें अंतरिम जमानत दे दी है। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में जन्मे रसिक चंद्र मंडल 1988 में की गई एक हत्या के दोषी हैं। उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने अपने आदेश में कहा, 'हम निर्देश देते हैं कि याचिकाकर्ता मंडल को रिट याचिका के लंबित रहने के दौरान ट्रायल कोर्ट की शर्तों पर अंतरिम जमानत दी जाए।रसिक चंद्र मंडल का जन्म 1920 में मालदा जिले के एक गुमनाम गांव में हुआ था। इसी साल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अंग्रेजों के खिलाफ असहयोग आंदोलन शुरू किया था। मंडल ने एक सदी से भी अधिक समय बाद अपनी आजादी के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। वह फिलहाल आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। 1988 में एक हत्या के मामले में 1994 में दोषी ठहराए जाने के बाद, जब वह 68 साल के थे, और आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। उन्हें उम्र संबंधी बीमारियों के कारण जेल से पश्चिम बंगाल के बालुरघाट के सुधार गृह में ट्रांसफर कर दिया गया था। सजा के खिलाफ उनकी अपील को 2018 में कलकत्ता हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, मगर यहां भी उसे निराशा हाथ लगी। मंडल ने 2020 में सुप्रीम कोर्ट में एक रिट याचिका दायर की थी, जब वह सौ साल पूरे करने से एक साल दूर थे। उन्होंने बुढ़ापे और संबंधित बीमारियों का हवाला देते हुए समय से पहले रिहाई की मांग की थी। साथ ही पैरोल या सजा में छूट के लिए पात्र होने के लिए 14 साल सलाखों के पीछे बिताने के मानदंड से छूट मांगी थी। अब रिटायर्ड जस्टिस ए अब्दुल नजीर और जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ ने सात मई, 2021 को पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया था। नोटिस में सुधार गृह के सुपरिटेंडेंट को मंडल की शारीरिक स्थिति और स्वास्थ्य के बारे में एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा था, जो 14 जनवरी, 2019 से जेल में हैं। शुक्रवार को यह मामला चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच के समक्ष लिस्टेड हुआ। यहां मंडल के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में पूछा गया। इस पर पश्चिम बंगाल राज्य की वकील आस्था शर्मा ने पीठ को बताया कि उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं। हालांकि, उनकी हालत स्थिर है और वह जल्द ही अपना 104वां जन्मदिन मनाएंगे। अदालत ने मंडल की उम्र को ध्यान में रखते हुए अंतरिम जमानत मंजूर कर ली।



## देशभर की अदालतों में न्यायाधीशों के 5000 से ज्यादा पद खाली, कानून मंत्री मेघवाल ने सदन में दी जानकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को संसद में प्रश्नकाल के दौरान एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। एक पूरक प्रश्न के जवाब में कानून मंत्री ने बताया कि हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के लिए संविधान के अनुच्छेद 217 और 224 में नियुक्तियों का प्रावधान किया गया है। देश में सुप्रीम कोर्ट से लेकर निचली अदालतों तक न्यायाधीशों के 5,611 पद रिक्त हैं। इनमें सबसे कम सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों के दो पद रिक्त हैं। शीर्ष न्यायालय में न्यायाधीशों के स्वीकृत पद 34 हैं। इसके अलावा, 25 उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के 364 पद खाली हैं, जबकि उनकी स्वीकृत संख्या 1,114 है। इस क्रम में जिला न्यायालयों में सबसे ज्यादा 5,245 पद रिक्त ह कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को संसद में प्रश्नकाल के दौरान एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। एक पूरक प्रश्न के जवाब में कानून मंत्री ने बताया कि हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के लिए संविधान के अनुच्छेद 217 और 224 में नियुक्तियों का प्रावधान किया गया है। यहां पदों के खाली होने की वजह सेवानिवृत्ति, इस्तीफे, न्यायाधीशों की पदोन्नति और स्वीकृत संख्या में बदलाव होता है। इन्हें भरने के लिए त्वरित कार्यवाही जारी है, जबकि जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में पदों को भरने की जिम्मेदारी न्यायालय और राज्य सरकार की होती है। इसके लिए सांविधानिक तौर पर राज्य सरकारों को संबंधित उच्च न्यायालयों के परामर्श से संविधान के अनुच्छेद 309 में और अनुच्छेद 233 और 234 में प्रावधान किए गए हैं। इसके अनुसार राज्य को अधिकार दिया गया है कि वह राज्य न्यायिक सेवा में नियुक्ति के लिए भर्ती के नियम बना सकता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जनवरी 2007 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक निर्णय में एक विशेष समय सीमा तय की थी, जिसका पालन राजकीय, उच्च न्यायालयों द्वारा जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की भर्ती प्रक्रिया में किया जाना चाहिए।




## पुलिस थानों को जलाने पर आठ गिरफ्तार एनआईए की रडार पर अरम्बाई टेंगोल प्रमुख और कुकी उग्रवादी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मणिपुर।** जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर के लिए जाना जाता है, आज जातीय हिंसा की आग में झुलस रहा है। पिछले साल तीन मई को चुराचांदपुर में शुरू हुई हिंसा ने राज्य के हर कोने को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया। मणिपुर, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर के लिए जाना जाता है, आज जातीय हिंसा की आग में झुलस रहा है। पिछले साल तीन मई को चुराचांदपुर में शुरू हुई हिंसा ने राज्य के हर कोने को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया। यहां की हरी-भरी वादियां और शांत झीलें अब भय और अनिश्चितता की गवाह बन चुकी हैं। कुकी और मैतई समुदायों के बीच संघर्ष ने राज्य के हर कोने को प्रभावित किया है, और इससे न केवल यहां के लोगों के जीवन को, बल्कि उनके दिलों को भी गहरा आघात पहुंचाया है।आइए जानते हैं क्या कुछ चल रहा- एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि हिंसाग्रस्त मणिपुर में एक पुलिस थाने और विधायकों के आवासों पर हमले के सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई पुलिस थाना क्षेत्र के कियाम ममांग लेईकाई के रहने वाले 20 वर्षीय चोंगथम थोइचा को 16 नवंबर को निर्वाचित प्रतिनिधियों की संपत्तियों में आगजनी के सिलसिले में गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा, 27 नवंबर को काकचिंग पुलिस थाने और कर्मियों पर हमला करने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने आगे कहा, 'यह हमला एक निर्वाचित सदस्य की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में 16 नवंबर को गिरफ्तार किए गए चार लोगों की रिहाई की मांग को लेकर किया गया।' इंफाल घाटी में मैतेई समुदाय की छह महिलाओं और बच्चों के शव नदियों में मिलने के बाद गुस्साई भीड़ ने कई विधायकों के घरों में तोड़फोड़ की थी। 11 नवंबर को जिरिबाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के बाद कुकी आतंकवादियों ने कथित तौर पर नागरिकों का अपहरण कर लिया था। मुठभेड़ में कुकी के 10 उग्रवादी भी मारे गए। इंफाल घाटी स्थित मैतेई और आसपास के पहाड़ी क्षेत्र कुकी-जो समूहों के बीच पिछले साल मई से जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों बेघर हो गए हैं। मेइती कट्टरपंथी संगठन अरम्बाई टेंगोल के प्रमुख कोरोउ नगांबा खुमान और कुकी उग्रवादी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की जांच के दायर में हैं, जिसे संघर्षग्रस्त मणिपुर में सुरक्षा बलों पर हमलों और आईईडी विस्फोट के चार मामलों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन चार मामलों में इंफाल में प्रथम मणिपुर राइफल्स परिसर से हथियार और गोला-बारूद की लूट, मोरेह में भारतीय रिजर्व बटालियन चौकी पर हमला और बिष्णुपुर में आईईडी विस्फोट शामिल हैं। गृह मंत्रालय के आतंकवाद एवं कट्टरपंथ रोधी प्रभाग ने हाल ही में एनआईए को चारों मामलों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी एनआईए की ओर से उच्चतम न्यायालय में दायर हस्तांतरण याचिका की एक प्रति में कहा गया है, 'खुमान से जुड़ा पहला मामला पिछले साल एक नवंबर को हुई एक घटना से संबंधित है, जब फेसबुक पेज कोरू नगांबा खुमान के जरिए मणिपुरी भाषा में किए गए एक आह्वान पर उसके नेतृत्व में बड़ी संख्या में अरम्बाई टेंगोल के सदस्य, अत्याधुनिक हथियारों से लैस होकर, छद्म वर्दी व काले रंग की शर्ट पहनकर कई हल्के वाहनों में आए और इंफाल पूर्वी जिले के 'पैलेस कंपाउंड' में एकत्र हुए। फेसबुक पेज पर आह्वान किया गया था कि 'कृपया सभी बहादुर भाई एक साथ आएं और उन सभी को अंतिम सबक सिखाएं'।



## सीएम के तौर पर शिंदे को और', शिवसेना नेता ने किए बड़े खुलासे, सरकार में इस विभाग की कर डाली मांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के साथ-साथ उपमुख्यमंत्री पद पर भी सबकी नजरें हैं। लगातार इस बात पर सवाल उठ रहे हैं कि एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम का पद संभालेंगे या नहीं। इस बीच, शिवसेना के विधायक ने एक नई मांग रख दी है। महाराष्ट्र में चुनावी नतीजे घोषित होने के एक सप्ताह बाद भी नए मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस बकरार है। इसके साथ ही डिप्टी सीएम के चेहरे को लेकर भी लगातार सियासी गलियारों में हलचल मची हुई है। इस बीच, शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य की नई सरकार में पार्टी को गृह विभाग मिलना चाहिए। साथ ही दावा किया कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को दरकनिार करने की कोशिश की जा रही है। शिरसाट ने कहा कि शिंदे की सकारात्मक छवि और उनके द्वारा लाई गई योजनाओं को देखते हुए अगर उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में ढाई साल और मिलते तो वह अधिक योगदान दे पाते। उन्होंने आगे कहा, 'गृह विभाग शिवसेना के पास होना चाहिए। विभाग आमतौर पर उपमुख्यमंत्री के पास होता है। इसलिए यह सही नहीं होगा कि मुख्यमंत्री गृह विभाग का नेतृत्व करें।निवर्तमान सरकार में गृह विभाग देवेंद्र फडणवीस के पास है। औरंगाबाद पश्चिम विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायक की टिप्पणी महायुति सहयोगियों, भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के बीच आई दरार को दिखाती है, जिन्होंने हाल ही में हुए महाराष्ट्र राज्य चुनावों में 288 विधानसभा सीटों में से 230 जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था। भाजपा ने 132 सीटें, शिवसेना ने 57 सीटें और एनसीपी ने 41 सीटें जीती हैं।इससे पहले बुधवार को ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना शिंदे गुट के प्रमुख एकनाथ शिंदे ने सीएम पद को लेकर चल रही चर्चाओं को विराम दे दिया था। उन्होंने कहा था, 'मेरे मन में सीएम बनने की लालसा नहीं है।



## भाई जगताप का बयान चुनाव आयोग का अपमान यह बर्दाश्त नहीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के लिए कांग्रेस नेता भाई जगताप की विवादित टिप्पणी पर बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मैंने चुनाव आयोग को लिखा है और मुंबई पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत भी दर्ज कराई है। कांग्रेस नेता भाई जगताप की चुनाव आयोग पर की गई विवादित टिप्पणी पर बहस छिड़ गई है। उनके बयान पर बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने पलटवार किया है। किरीट सोमैया ने कहा कि मैंने चुनाव आयोग को इस बारे में पत्र लिखा है। उन्होंने भाई जगताप के बयान को चुनाव आयोग का अपमान करार दिया और कहा इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता भाई जगताप ने ईवीएम पर सवाल खड़े करते हुए चुनाव आयोग को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अगर कोई ईवीएम पर शक करता है तो उसका जवाब दिया जाना चाहिए। चुनाव आयोग के लिए कांग्रेस नेता भाई जगताप की विवादित टिप्पणी पर बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मैंने चुनाव आयोग को लिखा है और मुंबई पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत भी दर्ज कराई है। इस तरह का बयान, चुनाव आयोग का अपमान है, जोकि एक संवैधानिक संस्था है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पिछले दो दिनों में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) हर कोई ईवीएम और चुनाव आयोग पर निशाना साध रहा है। क्योकि हर कोई आगामी बीएमसी के चुनावों के परिणामों को लेकर डर रहा है। कांग्रेस नेता ने गुरुवार को चुनाव आयोग को लेकर विवादित बयान भी दिया था। महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों पर उन्होंने कहा था, चुनाव आयोग तो कुत्ता है, जो नरेंद्र मोदी के बंगले के बाहर बैठता है। हमारे लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बनाई गई एजेंसियां नरेंद्र मोदी के दबाव में कठपुतली बन गई हैं। ये एजेंसिया हमारे लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए थीं, दुर्भाग्यवश अब उनका गलत इस्तेमाल हो रहा है। महाराष्ट्र और देशभर में हो रही घटनाएं दिखाती हैं कि किस प्रकार से व्यवस्था में हेराफेरी की जा रही है।



ADHUNIK TUTORIALS
" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "
FOR CLASSES 1st 5th
(ADMISSION OPEN)
FACILITIES
- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking



Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks

Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)



- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .

Ms. Riya Arora (Counsellor)



- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .

Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .
Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## नयनतारा ने बॉडी शेमिंग को लेकर तोड़ी चुप्पी, दिया करारा जवाब, बोलीं- मैंने बिल्कुल वही पहना थाष्ठ


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** लेडी सुपरस्टार नयनतारा ने अपने करियर में एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने हाल ही में रिलीज हुई नेटफ्लिक्स फिल्म 'गजनी' की शूटिंग के दौरान की बात को लेकर खुलासा किया। तमिल फिल्म गजनी में नयनतारा के अलावा सूर्या और असिन ने भी अभिनय किया था। नयनतारा ने बारे में बात कर सकते हैं। हो सकता है, मैं अच्छी नहीं थी, लेकिन मैं बिल्कुल वही कर रही थी, जो मेरे निर्देशक ने मुझे करने के लिए कहा था और मैंने बिल्कुल वही पहना, जो



डॉक्यूसीरीज 'नयनताराः बियॉन्ड द फेयरीटेल' में अपने सफर में आए उतार-चढ़ाव के बारे में बातचीत की है। अपनी डॉक्यूमेंट्री 'नयनताराः बियॉन्ड द फेयरीटेल' के एक वीडियो क्लिप में अभिनेत्री ने याद किया कि कैसे 2005 में उनकी फिल्म गजनी रिलीज होने पर उन्हें किस तरह भद्दी टिप्पणियों से गहरा असर पड़ा था। डॉक्यूमेंट्री का एक वीडियो क्लिप अब निर्माताओं द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है, जिसमें नयनतारा को अपने करियर के सबसे बुरे दौर के बारे में बात करते हुए देखा जा सकता है। नयनतारा ने 2005 में एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित तमिल कहा, ठ उनके करियर की सबसे खराब फिल्म गजनी थी।ठ वीडियो क्लिप में नयनतारा को लेकर कई खबरे दिखाई गईं, जिसमें उन्हें मोटापे के लिए शर्मिंदा किया गया और उन्हें 'अधिक वजन वाला' कहा गया। अभिनेत्री ने कहा कि वह भद्दे कमेंट्स देखती थीं और बहुत प्रभावित होती थीं। ऐसे दिन थे जब मैं सभी कमेंट्स देखती थी और लोग कहते थे 'वह अभिनय क्यों कर रही है? वह फिल्म में क्यों है? वह इतनी मोटी है नयनतारा ने कहा, ठआप किसी कलाकार के बारे में बॉडी शेमिंग को लेकर ऐसी बातें नहीं कह सकते। आप फिल्म में प्रदर्शन के हिस्से के उन्होंने मुझे पहनने के लिए कहा था। मैं एक नई कलाकार थी इसलिए मुझे इसमें कुछ कहने का मौका नहीं मिलागजनी के बाद नयनतारा ने विष्णुवर्धन की 2007 की फिल्म बिल्ला में अपनी बिकनी पहने उपस्थिति के बारे में बात की। नयनतारा ने बताया, पूरा ड्रामा बिकनी सीन के बारे में था, जो सभी के लिए एक मुद्दा था। लेकिन मैंने सोचा..इस तरह से सब कुछ बदल जाता है। मैंने ऐसा इसलिए नहीं किया क्योंकि मैं कोई बात साबित करना चाहती थी। यह जरूरी था, इसलिए मैंने इसे किया। और मुझे लगता है कि यह मेरे लिए कारगर रहा।

## अब जाकर खत्म हुई 'पुष्पा 2' की शूटिंग, तय तारीख पर रिलीज होगी कि नहीं, आया नया अपडेट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जानकारी के मुताबिक फिल्म 'पुष्पा 2' के पैचवर्क की फाइनल शूटिंग सोमवार को जाकर खत्म हो सकी है। चर्चाएं ये भी शुरू हो गई थीं कि फिल्म की रिलीज हो सकता है कि 5 दिसंबर से आगे खिसक जाए। साउथ सिनेमा का इस साल के पहले महीने में फिल्म 'हनुमान' निर्देशक सुकुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पुष्पा 2' की शूटिंग शुरू से ही सामान्य गति से नहीं चल पाई। कभी अल्लू अर्जुन और सुकुमार के बीच मतभेद की खबरें आईं। अल्लू अर्जुन के गेट अप बदलने की भी खूब बातें हुई और फिर दोनों अलग अलग छुट्टियां मनाने विदेश तक चले गए। किसी तरह मामला सुलटा तो पता हैं। फिल्म का जो आइटम गाना श्री लीला पर फिल्माया गया है, उसका असर समांथा के गाने 'ऊ अंटावा' जैसा बिल्कुल नहीं है। ये गाना तुरत फुरत में फिल्माया गया है और फिल्म के तमाम दृश्यों का पैचवर्क भी निकलता रहा है। जानकारी के मुताबिक फिल्म 'पुष्पा 2' के पैचवर्क की फाइनल शूटिंग



से जैसा हल्ला देश-दुनिया में हुआ, वैसा फिर दोबारा पूरे साल दिखा नहीं है। 'देवरा' में जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर का जादू नहीं चला। 'कंगुवा' में सूर्या और बॉबी देओल दर्शकों को लुभा नहीं पाए। 'मटका' में वरुण तेज, मीनाक्षी चौधरी और नोरा फतेही को न तेलुगु में पानी मिला और न ही हिंदी में। ले-देकर तमिल फिल्म 'अमरण' ने ही थोड़ी बहुत लाज बचाई और अब बारी है 'पुष्पा 2' की। इस फिल्म की शूटिंग अब जाकर खत्म हो पाई है। चला कि फिल्म के विलेन फहद फासिल की तारीखें ही नहीं मैच हो रही हैं। इसी चक्कर में इस साल 15 अगस्त को रिलीज होने वाली फिल्म अब दिसंबर में रिलीज होना तय हुई है। फिल्म का प्रचार शुरू हो चुका है। अल्लू अर्जुन पटना और चेन्नई में फिल्म के ट्रेलर और गाने लेकर घूम आए हैं। फिल्म के बैकग्राउंड म्यूजिक के लिए देवी श्री प्रसाद उर्फ डीएसपी के साथ-साथ और भी कई संगीतकार हाथ आजमाने आए हैं। इस सबके बीच निर्देशक सुकुमार फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन में व्यस्त सोमवार को जाकर खत्म हो सकी है। पैचवर्क की शूटिंग लगातार बढ़ते जाने के बीच चर्चाएं ये भी शुरू हो गई थीं कि फिल्म की रिलीज हो सकता है कि 5 दिसंबर से आगे खिसक जाए। लेकिन, सोमवार की देर रात शूटिंग का फुटेज देखने के बाद फिल्म की टीम की जो मीटिंग हुई है, उसके मुताबिक फिल्म अपनी तय तारीख 5 दिसंबर को ही रिलीज होगी। निर्देशक सुकुमार ने वादा किया है कि वह महीने के आखिर तक फिल्म की पहली कॉपी सेंसर को दे देंगे।

## मुश्किल वक्त में अभिषेक पहुंचे पिता अमिताभ के पास, मिली जो सलाह बदल गई जिंदगी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभिषेक बच्चन की हालिया रिलीज फिल्म 'आई वांट टू टॉक' बॉक्स ऑफिस पर मनचाही मेरे हर तरह के काम की आलोचना कर रहे थे, क्योंकि उस समय मेरी कई फिल्में नहीं चल रही थी। तब मैं अपने पिता के पास गया और उनसे



सफलता हासिल नहीं कर पाई। लेकिन वह इस बात से निराश नहीं हैं, क्योंकि सालों पहले पिता अमिताभ ने उन्हें करियर को लेकर एक कीमती सलाह दी थी। जो आज भी उनको हौंसला देती है। अभिषेक बच्चन की फिल्म 'आई वांट टू टॉक' एक बीमारी व्यक्ति के जीवन को दिखाती है। साथ ही इसमें पिता और बेटी की रिश्ते को भी बड़ी खूबसूरती से दिखाया गया है। असल जिंदगी में भी अभिषेक और उनके पिता का रिश्ता बहुत ही अलग तरह का है। अमिताभ एक दोस्त की तरह अपने बेटे अभिषेक को जिंदगी और करियर को लेकर सलाह देते हैं। जब अभिषेक के शुरुआती करियर में मुश्किल दौर चल रहा था, तब भी अमिताभ की सलाह ने उनका हौंसला बढ़ाया। अभिषेक ने एक इंटरव्यू में अपने करियर के मुश्किल दौर के बारे में बताया। वह कहते हैं, ' क्रिटिक्स कहा कि मुझे लगता है कि मैंने बड़ी गलती की है। शायद मैं अभिनेता बनने के लिए नहीं बना हूं। ऐसे में मेरे पिता ने कहा कि मैं खुद के लिए ईमानदार रहूं। साथ ही उन्होंने कहा कि अपनी कला को निखारने का एक ही तरीका है कि आप काम करते रहो। उन्होंने कहा कि जो भी फिल्में मिलें, उन्हें साइन कीजिए और काम करते रहिए।' यह सलाह आगे चलकर अभिषेक के काम आई और कई फिल्मों में उनके काम को दर्शकों से लेकर आलोचकों तक ने सराहा।हाल ही में अभिषेक ने अपनी पत्नी ऐश्वर्या को लेकर भी एक बयान दिया है। जिसमें वह उनको शुक्रिया कह रहे हैं। अभिषेक कहते हैं, 'मैं लकी हूं कि बाहर जाकर फिल्में बनाने का मौका मिलता है क्योंकि मुझे पता है कि ऐश्वर्या, आराध्या के साथ घर पर हैं। मैं इसके लिए उनका बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करता हूं।

## शादी से पहले नागा चैतन्य सोभिता धुलिपाला की नई तस्वीरें वायरल, फैंस ने दी प्रतिक्रिया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नागा चैतन्य अपनी होने वाली पत्नी शोभिता धुलिपाला के साथ नई तस्वीरों में नजर आए। सोशल मीडिया पर इन तस्वीरों के पोस्ट होते ही ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर मिनटों में वायरल हो गईं और इन तस्वीरों पर नागा और शोभिता के अलावा सामंथा रुथ प्रभु के प्रशंसक भी जमकर अपनी प्रतीक्रिया दे रहे हैं। नागा चैतन्य जल्द ही शोभिता धुलिपाला के साथ सात फेरे लेने वाले हैं। नागा और शोभिता की नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। यह जोड़ा अपनी सगाई के बाद इस साल अगस्त से ही अपनी शादी की तैयारी कर रहा है और सुर्खियों में बना हुआ है। हालांकि यह जोड़ा अपने रिश्ते के बारे में निजी तौर पर बात करता रहा है, लेकिन इन नई तस्वीरों ने उनके रिश्ते की झलक दिखाई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों में नागा चैतन्य और शोभिता, सुशांत अनुमोलू और उनके परिवार के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। सुशांत द्वारा चैतन्य के जन्मदिन के अवसर पर शेयर की गई इन तस्वीरों में जल्द ही शादी करने वाले इस जोड़े को फोटो के लिए पोज देते हुए एक-दूसरे को करीब से पकड़े हुए दिखाया गया है। यह स्पष्ट नहीं है कि यह जोड़ा सुशांत से चैतन्य के जन्मदिन पर मिला था या तस्वीरें पहले ली गई थीं। हाल ही में एक इंटरव्यू में सामंथा ने पहली बार अपने तलाक के विषय पर खुलकर बात की।

## अभिषेक से अलगाव की खबरों के बीच ऐश्वर्या ने कहा-अपने मूल्यों से समझौता न करें

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पिछले कुछ समय से अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के अलगाव की खबर सुनने को मिल रही है। उनके अगले होने की अटकलें हुई ऐश्वर्या राय बच्चन ने एक बयान दिया है। जिसमें वह अपने मूल्यों से समझौता न करने की बात कर रही हैं। दरअसल, पिछले कुछ समय से ऐश्वर्या और अभिषेक के अलगाव को



लगाई जा रही है। इसी बीच अब ऐश्वर्या ने एक ऐसा बयान दिया है जिससे लगता है कि वह ऐसी बातें करने वालों को तगड़ा जवाब दे रही हैं।हाल ही में एक इंवेट में शामिल लेकर तरह तरह की बातें की जा रही हैं। सोशल मीडिया पर कभी अभिषेक को निशाना बनाया जा रहा है तो कभी ऐश्वर्या के बारे में भी काफी कुछ कहा जा रहा है। ऐसे में अब ऐश्वर्या ने इस स्ट्रीट हरासमेंट को लेकर अपनी राय रखी है। ऐश्वर्या स्ट्रीट हरासमेंट के बारे में बात करती हैं और उससे निपटने का तरीका भी बताती हैं। वह कहती हैं, ' स्ट्रीट हरासमेंट से आप कैसे निपटते हैं? उन लोगों से आंखें नहीं मिलते हैं। नहीं ऐसा बिल्कुल ना करें। आप उस समस्या का सीधा सामना करें। हरासमेंट करने वाले व्यक्ति की आंखों में देखें और अपना सिर ऊंचा करके रखें। यह असल नारीवाद है। अपने मूल्यों से कभी समझौता ना करें। खुद पर कभी भी शक ना करें। अपने मूल्यों पर खड़े रहें। अपने पहनावे को इस हरासमेंट के लिए दोष ना दें। स्ट्रीट हरासमेंट की जिम्मेदार आप नहीं है, इसमें आपकी कोई गलती नहीं है।'अभिषेक बच्चन ने भी हाल ही में ऐश्वर्या को सराहा है।

## राशिफल

**मेष-**:स्वास्थ्य संबंधी समस्या निकट है, इसलिए नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें और विश्वास करें कि इलाज से पहले सावधानी बरतना बेहतर है।

**वृष-** सप्ताह आपके लिए मंगलमय रहेगा। आपके रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आप अपने मन के अनुसार निर्णय लेंगे।

**मिथुन-**: भावनात्मक रहेगा. आप खुद को अपनी अंतरतम भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति में भी पा सकते हैं। घरेलू काम थकाने वाले होंगे।

**कर्क-**:जीवनसाथी का प्यारा व्यवहार आपका दिन खुशनुमा बना सकता है. अपने ख़र्चों पर नियंत्रण रखें से ख़र्च करने से बचें। भावनात्मक रूप से जोखिम उठाना आपके पक्ष में जाएगा।

**सिंह-**: आप जिस काम को पूरा करना चाहते हैं वह आसानी से पूरा हो जाएगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने पर बधाई देने के लिए लोगों का आना-जाना रहेगा।

**कन्या-**: आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

**तुला-**:किसी मित्र की उदासीनता आपको परेशान करेगी. लेकिन अपने आप को शांत रखें। इसे समस्या न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**वृश्चिक-**: भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जिन चीजों के लिए आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, वो पूरी होने वाली हैं। जो प्रयास आपने अपनी ओर से व्यर्थ समझे थे।

**धनु-**: भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर रुझान बढ़ेगा. जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद रहेंगे। आत्मबल में वृद्धि होगी। पारिवारिक समस्याओं से विचलित हो सकता है।

**मकर-**:खुद पर हद से ज्यादा दबाव न डालें और पर्याप्त आराम करें. रियल एस्टेट से जुड़े निवेश आपको अच्छा मुनाफा देंगे। आपका अड़ियल रवैया घर में लोगों का दिल दुखा सकता है।

**कुंभ-**: आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रहेगा, मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना सकते हैं. आज आपको खुशी पाने के लिए अपने स्वभाव में थोड़ा लाने की जरूरत है।

**मीन-**: आपको कार्यक्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी. परिवार और जीवन साथी का सहयोग मिलने की संभावना है। हालांकि छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़




## मशहूर गायक ने अपनी आवाज खोने का किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के मशहूर गायक और संगीतकार शेखर रवजियानी ने अपने प्रशंसकों को तब हैरान कर दिया, जब उन्होंने खुलासा किया कि उनकी आवाज चली गई थी। सिंगर ने यह भी बताया कि उन्होंने अपनी खोई हुआ आवाज कैसे वापस पाई।बॉलीवुड के मशहूर गायक और संगीतकार शेखर रवजियानी ने सोमवार को ऐसा खुलासा किया जिसने, प्रशंसकों को हैरान कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए बताया कि दो साल पहले उनकी आवाज चली गई थी। उनके इस खुलासे ने प्रशंसकों को बेहद चिंता और हैरानी में डाल दिया। गायक ने बताया कि वह वोकल कॉर्ड पैरालिसिस से कैसे उबरे।शेखर और विशाल ददलानी की जोड़ी काफी मशहूर है। इस जोड़ी ने कई हिट गाने दिए हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, ठयह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैंने पहले कभी नहीं कहा...आज इसे शेयर करने का मन कर रहा है। मैंने दो साल पहले अपनी आवाज खो दी थी। लेफ्ट वोकल कॉर्ड पैरेसिस - यह डॉ. नुपुर नेरुरकर का विशेषज्ञ निदान था। मैं बर्बाद हो गया था। ईमानदारी से कहूं तो मैं निराशावादी था...मुझे लगता था कि मैं फिर कभी नहीं गा पाऊंगा।

## लाखों में सिमटी 'भूल भुलैया 3' की कमाई, मंडे टेस्ट में बुरी तरह फेल 'आई वॉन्ट टू टॉक'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में लगी फिल्मों में हालिया रिलीज फिल्म है 'आई वॉन्ट टू टॉक' और सबसे ज्यादा खस्ता हाल यही है। कल सोमवार को बाकी होते इसकी कमाई भी अब लाखों में सिमट गई है। कल सोमवार को बाकी फिल्मों ने कैसी कमाई की? वो भी जान लेते हैं... अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म 'आई वॉन्ट टू टॉक'



फिल्मों ने कैसा कारोबार किया? चलिए जानेंनवंबर के महीने में दो बड़ी बॉलीवुड फिल्मों का उपहार दर्शकों को मिला- भूल भुलैया 3 और सिंघम 3। इनमें से मल्टी स्टारर फिल्म सिंघम 3 दर्शकों का दिल जीतने में नाकाम रही है। वहीं, भूल भुलैया 3 ने अपनी लागत से ज्यादा कमाई करके हिट का टैग तो हासिल कर लिया है, लेकिन वैसा आभामंडल नहीं रच पाई, जैसा स्त्री 2 सरीखी फिल्म ने रचा। आलम यह है कि महीनाभर होते- शुक्रवार 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसका निर्देशन शूजित सरकार ने किया है। रिलीज से पहले फिल्म की कहानी का खूब प्रचार किया गया। लेकिन, सिनेमाघरों में लगते ही दर्शकों ने इसे नकार दिया। ओपनिंग डे पर बहुत ही खराब प्रदर्शन करने वाली फिल्म रिलीज के चौथे दिन यानी कल पहले सोमवार की परीक्षा में बुरी तरह फेल हुई है। 'आई वॉन्ट टू टॉक' ने कल चौथे दिन सिर्फ 13 लाख रुपये कमाए। करीब 40 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म की चार दिनों की कमाई 1.46 करोड़ रुपये पहुंची है। इसे करीब 40 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित जैसे सितारों से सजी फिल्म 'भूल भुलैया 2' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। करीब 150 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह फिल्म हिट हो चुकी है। लेकिन 250 करोड़ क्लब तक पहुंचने में इसे मशक्कत करनी पड़ रही है। अब इस फिल्म की कमाई लाखों में हो रही है। कल 25वें दिन भूल भुलैया 3 ने 90 लाख रुपये कमाए और इसका टोटल कलेक्शन 247.85 करोड़ रुपये हो गया है। सिंघम 3 तो पहले ही फ्लॉप घोषित हो चुकी है। 350 करोड़ रुपये की लागत वाली मल्टी स्टाररर फिल्म सिंघम 3 ने कल सोमवार को सिर्फ 55 लाख कमाए और इसका नेट कलेक्शन 240.85 करोड़ है। इस समय लगी फिल्मों में अगर सबसे पुरानी फिल्म के तौर पर देखें तो वह है साउथ फिल्म 'अमरण'। यह 31 अक्तूबर को रिलीज हुई। करीब 130 रुपये बजट में बनी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मजबूती से टिकी है।

## भेड़िया के 2 साल पूरे होने का मनाया जश्न, वरुण धवन ने दी प्रतिक्रिया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कृति सेनन और वरुण धवन की थ्रिलर फिल्म भेड़िया 2 की रिलीज के दो साल पूरे होने पर कृति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक दिल को छू लेने वाला वीडियो साझा है और इस हॉरर कॉमेडी ने हाल ही में दो साल पूरे किए हैं। कृति ने सोशल मीडिया पर दूसरी सालगिरह का जश्न मनाया। कृति ने अपने इंस्टाग्राम पर एक दिल को छू लेने वाला वीडियो शेयर किया, जिसमें हॉरर-कॉमेडी के




किया, जिसमें उन्होंने हॉरर-कॉमेडी के निर्माण और उससे जुड़ी यादों को साझा किया है।कृति सेनन और वरुण धवन स्टारर भेड़िया सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली फिल्मों में से एक सेट की यादों को साझा किया। कृति ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वीडियो शेयर किया है, जिसमें बीटीएस पलों और बेहद ही प्यारे सींस को उन्होंने पोस्ट किया है। कृति ने इन खास पलों को साझा करने के साथ ही कैप्शन में लिखा, ठइस खास फिल्म के 2 साल। मेरे कुछ पसंदीदा लोगों के साथ एक सुपर स्पेशल किरदार! मैं आप लोगों को बहुत-बहुत बधाई देती हूं!!ठ वरुण धवन ने भी प्रतिक्रिया दी और दिल वाले इमोजी के साथ एक जैसा वीडियो शेयर किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कुछ समय पहले कृति ने एक इंटरव्यू में वरुण धवन को अपना सबसे करीबी दोस्त बताया था। कृति ने वरुण के साथ अपने रिश्ते के बारे में कहा कि वरुण ही एक ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने उनके सबसे बुरे दौर में लगातार उनका हालचाल पूछा। उन्होंने एक पल को भी याद किया जब वरुण ने उन्हें मिमी के लिए फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतने पर गर्मजोशी से गले लगाया था।

## सम्पादकीय

# बेलगाम हुई साइबर ठगी, पुलिस और एजेंसियों को सक्षम बनाने की जरूरत

भारत सरकार ने बार-बार कहा है कि उसकी कोई एजेंसी डिजिटल अरेस्ट जैसी कार्रवाई नहीं करती। खुद प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम में यह कह चुके हैं कि डिजिटल अरेस्ट की धमकी देने वालों से सावधान रहें। इसके बाद खबर आई कि विभिन्न एजेंसियां साइबर ठगों के खिलाफ सक्रिय हो रही हैं लेकिन इसका कहीं कोई सकारात्मक असर नहीं दिख रहा है। साइबर अपराध की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक हैं। करीब-करीब हर दिन लोग साइबर ठगी के शिकार होकर अपना पैसा गंवा रहे हैं। एक समय पहले जैसे डकैती आम बात थी, वैसे ही अब साइबर ठगी। साइबर ठग नित-नए तरीकों से लोगों को ठग रहे हैं। पहले वे धोखे से लोगों की क्रेडिट, डेबिट कार्ड संबंधी जानकारी लेकर ठगी करते थे, फिर तरह-तरह का लालच देकर ठगने लगे। अब वे डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर लोगों को ठग रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट की फर्जी धमकी से भयभीत होकर लोग साइबर ठगों के चंगुल में कहीं आसानी से फंस जा रहे हैं। इनमें अच्छे-खासे पढ़े-लिखे लोग भी हैं। अब तो नौकरशाह, उद्योगपति भी उनके चंगुल में फंसने लगे हैं। कई लोग ऐसे हैं, जो डिजिटल अरेस्ट की धमकी देने वाले ठगों के खातों में करोड़ों रुपये ट्रांसफर कर चुके हैं। साइबर ठगी के मामले अकेले भारत में ही नहीं, लगभग हर देश की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौती बन कर सामने आ रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार 2025 में साइबर ठगी से होने वाली आर्थिक क्षति 10 लाख करोड़ डालर से भी अधिक हो सकती है। यह आंकड़ा सुनकर किसी के भी पैरों तले जमीन खिसक सकती है। यह आंकड़ा यही बताता है कि साइबर ठग किस तरह बेलगाम होते जा रहे हैं। साइबर ठगी के मामलों में पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती ठगों की पहचान करना और उन्हें पकड़ना और फिर उनसे ठगी की रकम वसूलना होता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि साइबर ठग अक्सर विदेश में रहकर ठगी करते हैं और वह भी मोबाइल फोन, ईमेल आदि के जरिये। साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के साथ यह भी दिख रहा है कि लोगों से ठगी के जरिये हासिल की गई राशि बढ़ती जा रही है। पिछले दिनों दिल्ली के एक सेवानिवृत्त इंजीनियर से दस करोड़ रुपये डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर हड़प लिए गए।

इसके पहले वर्धमान ग्रुप के प्रमुख एसपी ओसवाल से सात करोड़ रुपये ठग लिए गए थे। साइबर ठगों ने उन्हें फर्जी सीबीआइ अधिकारी बनकर ठगा और उनके कथित मामले की सुप्रीम कोर्ट में फर्जी सुनवाई तक का नाटक किया। पांच-दस लाख रुपये की ठगी के मामले तो बहुत आम हो गए हैं। भारत सरकार ने बार-बार कहा है कि उसकी कोई एजेंसी डिजिटल अरेस्ट जैसी कार्रवाई नहीं करती। खुद प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम में यह कह चुके हैं कि डिजिटल अरेस्ट की धमकी देने वालों से सावधान रहें। इसके बाद खबर आई कि विभिन्न एजेंसियां साइबर ठगों के खिलाफ सक्रिय हो रही हैं, लेकिन इसका कहीं कोई सकारात्मक असर नहीं दिख रहा है। साइबर ठग पहले की ही तरह बेलगाम हैं। समझना कठिन है कि जब साइबर ठगी के मामले इतने बढ़ रहे हैं, तब सरकार की तरफ से नागरिकों को जागरूक करने के काम में शिथिलता क्यों बरती जा रही है? सरकार को चाहिए कि वह यह बार-बार बताए कि टैक्स की वसूली करने वाले आयकर, जीएसटी जैसे विभागों का डिजिटल अरेस्ट से कोई लेना-देना नहीं। इसी तरह यह भी प्रचारित किया जाना चाहिए कि सीबीआइ, ईडी, कस्टम, नारकोटिक्स जैसे विभाग न तो डिजिटल अरेस्ट जैसी कार्रवाई करते हैं और न ही किसी मामले में किसी व्यक्ति को अपना पैसा किसी अन्य के खाते में जमा कराने को कहते हैं। साइबर ठग लोगों को धमकाने के लिए कभी फोन कर यह कहते हैं कि उनके नाम आए या उनके नाम से भेजे गए पार्सल में ड्रग्स मिला है। कभी यह कहते हैं कि उनके खाते से अवैध लेन-देन हो रहा है और कभी यह कि आपके बेटे-बेटी को अमुक-अमुक अपराध में हिरासत में लिया गया है। अनेक मामलों में वे वाट्सएप के जरिये वीडियो काल करते हैं। वे लोगों को डिजिटली अरेस्ट कर लिए जाने का भय दिखाते हैं। वे मैसेज के जरिये कोई लिंक भेजकर उसे क्लिक करने को भी कहते हैं, ताकि लिंक पर क्लिक करने वाले का मोबाइल फोन हैक कर सकें। साइबर ठगी से बचने के लिए लोगों को केवल लालच में आने से ही नहीं बचना होगा, बल्कि सीबीआइ, ईडी, कस्टम, नारकोटिक्स, जीएसटी आदि विभागों के फर्जी अधिकारी बनकर फोन करने वालों से भी सावधान रहना होगा।

# ऐसी धमकियों को कैसे रोका जाए बम की अफवाह झूठी निकलने पर आरोपी पर सख्त कार्रवाई समय की मांग

देश में लगातार बम की धमकी की अफवाह बढ़ती जा रही है। ऐसे में बम रखने की घटना यदि अफवाह निकले तो आरोपी पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, क्योंकि ऐसी धमकियों से सैकड़ों लोग प्रभावित होते हैं। हर जगह दहशत फैल जाती है और पूरा सरकारी अमला इसकी जांच में जुट जाता है।अक्सर विमान, स्कूल, कॉलेज, शॉपिंग मॉल, मंदिर जैसी संस्थाओं पर बम रखने की धमकी आती है। इन धमकियों के कारण सैकड़ों लोग प्रभावित होते हैं। एयरपोर्ट से लेकर स्कूल, कॉलेज और मंदिरों में दहशत फैल जाती है। पूरा सरकारी अमला इसकी तस्दीक में जुट जाता है और अंत में पता चलता है कि कुछ लोगों ने केवल मजे के लिए यह धमकी थी। कई बार तो किसी बच्चे ने यह संदेश भेजा था। इन सभी का माध्यम सोशल मीडिया ही होता है।अगर किसी फ्लाइट को उड़ाने की धमकी मिलती है तो उसकी जांच की प्रक्रिया में काफी रुपये का नुकसान होता है। फ्लाइट खाली कराई जाती है। गहन चेकिंग होती है तो यात्रियों को दिक्कत होना भी लाजिमी है। ऐसे में एयरलाइन्स यात्रियों की सुविधा के लिए तमाम व्यवस्थाएं करती है। उड़ान ज्यादा लेट होने पर रिफंड भी करना पड़ता है। यात्रियों को बाहर रुकना पड़ता है। दूसरी उड़ानें भी प्रभावित होती हैं।विकृत मानसिकता के कुछ लोग भी इस काम में लगे रहते हैं। अपनी विकृति की संतुष्टि के कारण वे इस तरह के काम को अंजाम देते हैं। इस दिशा में कार्रवाई हुई तो कुछ



ऐसे लोग पकड़े गए हैं, जो यह नहीं जानते थे कि वे क्या कर रहे हैं। कहीं कोई नाबालिग पकड़ा गया तो कहीं कोई नाराज प्रेमी। इससे यह बात भी सिद्ध होती है कि आजकल बच्चों और युवाओं में धैर्य नाम की कोई चीज नहीं बची है। वे आगे-पीछे कुछ भी सोचे बिना इस तरह के काम करते हैं। कई बार तो उन्हें इसका भी भान नहीं होता कि उनका किसी ने इस्तेमाल कर लिया। अनजाने में वे इस तरह का काम कर बैठते हैं।ऐसे में सरकार का यह कर्तव्य है कि लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसे लोगों को पकड़कर उन्हें ऐसी सजा दे कि वह दूसरों के लिए सबक बन सके। हाल के दिनों में एयरलाइन कंपनियों को लगातार धमकियां मिलने के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने निर्देश जारी किए हैं और सभी कर्मचारियों से इसका पालन करने को कहा है। वहीं सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत सख्ती के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर गलत सूचना को तुरंत रोकने के लिए कहा गया है। वैसे यह देखना भी महत्वपूर्ण है कि क्या इस तरह की घटना किसी संगठन की धमकी है या किसी की शरारत। कहीं ऐसा तो नहीं कि यह भारतीय विमानन कंपनियों को घाटे में पहुंचाने की साजिश हो। इस दिशा में भी गहनता से जांच होनी चाहिए।

# जनजातीय गौरव की भावना का उत्सव, भगवान बिरसा मुंडा की आकांक्षाएं युवाओं की प्रेरणा

इतिहास के प्रत्येक कालखंड में हमारी मातृभूमि ने ऐसे वीर बेटे-बेटियों को जन्म दिया है, जिन्होंने अपने विलक्षण योगदान के बल पर भारत की भावना को अभिव्यक्ति दी है। कुछ विभूतियों ने सप्तर्षि मंडल के नक्षत्रों की तरह हमारा मार्गदर्शन किया। भगवान बिरसा मुंडा हमारे नक्षत्र मंडल के सबसे चमकते सितारों में से एक थे, जिनका प्रकाश राष्ट्र के मार्ग को आलोकित करता है। आज जब देश ने अपने आधुनिक इतिहास के इस महान व्यक्तित्व की 150वीं जयंती का साल भर चलने वाला समारोह शुरू किया है, तब मैं उनकी पुण्य स्मृति को कृतज्ञतापूर्वक नमन करती हूं। मुझे याद आता है कि कैसे बचपन में भगवान बिरसा मुंडा की गाथाएं सुनकर मुझे और मेरे संगी-साथियों को अपनी विरासत पर गर्व होता था। मात्र 25 वर्ष की आयु में आज के झारखंड के उलिहातू गांव का वह बालक औपनिवेशिक शोषण के विरुद्ध जन-प्रतिरोध का महानायक बन गया। जब ब्रिटिश अधिकारी और स्थानीय जमींदार जनजातीय समुदायों का शोषण कर रहे थे, उनकी जमीनें हड़प रहे थे और अत्याचार कर रहे थे, तब भगवान बिरसा इस सामाजिक-आर्थिक अन्याय के विरुद्ध उठ खड़े हुए। उन्होंने लोगों को अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए प्रेरित किया। 'धरती आबा' के रूप में सम्मानित भगवान बिरसा ने ब्रिटिश उत्पीड़न के विरुद्ध 'उलगुलान' या मुंडा विद्रोह का संचालन किया। यह एक विद्रोह से कहीं बढ़कर न्याय और सांस्कृतिक पहचान के लिए था। उनकी सूझबूझ ने जनजातीय लोगों द्वारा बिना किसी हस्तक्षेप के अपनी जमीन पर खेती करने के अधिकार और जनजातीय रीति-रिवाजों के महत्व को एक साथ जोड़ दिया। महात्मा गांधी की तरह उनका संघर्ष भी न्याय और सत्य की खोज से प्रेरित था। बीमारों की सेवा उनके लिए मिशन था। उन्हें एक उपचारकर्ता का प्रशिक्षण मिला था। अद्भुत घटनाओं की एक श्रृंखला ने लोगों में यह विश्वास पैदा किया कि ईश्वर ने उन्हें एक महान उपचारक का विशेष स्पर्श दिया है। वह गांव-गांव बीमारों से मिलने जाते और अपने कौशल से असंख्य लोगों को स्वस्थ करते।

# आखिर कितना खतरनाक है हिमालय पर लाखों वाहनों का चढ़ना

हिमालय के चार धामों में से केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री समेत तीन धामों की इस साल की यात्रा का समापन हो गया और अब शेष बदरीनाथ के कपाट आगामी 17 नवंबर को बंद होने हैं। तीन धामों के यात्रावसान तक देशभर के 46,34,448 श्रद्धालु यात्रा कर लौट चुके थे। बहुत ही संवेदनशील हिमालय के पर्यावरण पर यात्रियों की इस बाढ़ का असर तो पड़ ही रहा है, लेकिन उससे अधिक गंभीर विषय हिमालय पर और खास कर गंगा के श्रोत गंगोत्री और सतोपन्थ जैसे तेजी से पीछे खिसक रहे ग्लेशियरों पर वाहनों की अत्यधिक भीड़ का है। यह भीड़ सीधे वैश्विक और स्थानीय तापमान को बढ़ा रही है जिसका दुष्परिणाम जलवायु परिवर्तन और चरम मौसम के कारण उत्पन्न दैवी आपदाओं के रूप में रूप में सामने नजर आ रहे हैं। चूंकि हिमालय ऐशिया का जलस्तंभ होने के साथ ही मौसम का नियंत्रक भी है और यह ऐशिया के पांच देशों से जुड़ा हुआ है। इसलिये हिमालय की चिन्ता केवल उत्तराखण्ड तक ही सीमित नहीं है। इसलिये हिमालय जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में यात्री वाहनों की संख्या बढ़ाने के बजाय उस पर सख्त नियमन की आवश्यकता है।उत्तराखण्ड हिमालय की तीन धामों की सालाना यात्रा समाप्ति के दिन तक चारों धामों में से दो तक सीधे और दो धामों के बहुत निकट तक 5,21,915 वाहन यात्रियों को लेकर पहुंच चुके थे। इनमें से भी सीधे बदरीनाथ और गंगोत्री पहुंचने वाले वाहनों से उत्सर्जित प्रदूषकों का सीधा असर सतोपन्थ और गंगोत्री ग्लेशियर समूहों पर पड़ना स्वाभाविक ही है।



केदारनाथ पहुंचने वाले यात्रियों की संख्या तो हर साल कीर्तिमान बना ही रही थी, लेकिन इस बार केदार घाटी पहुंचने वाले यात्री वाहनों ने भी रिकार्ड तोड़ दिया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल केदारनाथ यात्रा पर जाने वाले वाहनों की संख्या 1,87,590 तक पहुंच गयी जबकि पिछले यह संख्या केवल 88,236 थी। इसरो की रिपोर्ट के अनुसार, यह घाटी भूस्खलन की दृष्टि से देश में सर्वाधिक संवेदनशील है और मुख्य केंद्रीय भ्रंश के निकट होने के कारण यह भूकम्प के मुहाने पर भी बैठी है। इसलिये इस क्षेत्र में क्षमता से अधिक मानव दबाव को बहुत जोखिमपूर्ण माना गया है। सन् 1968 में जब पहली बार बद्रीनाथ बस पहुंची थी तो वहां तब तक लगभग 60 हजार यात्री पहुंचते थे। लेकिन यह संख्या अब 13 लाख सालाना पार कर गयी है। इन यात्रियों के साथ मात्र 6 माह में लगभग 1.50 लाख वाहन बद्रीनाथ पहुंच रहे हैं। गंगोत्री में इस बार 8,15,273 यात्री और 88,236 वाहन 3 नवम्बर तक पहुंच चुके थे। पहले ज्यादातर यात्री बसों में सफर करते थे और औसतन एक बस 30 यात्रियों को ढो लेती थी। लेकिन अब अधिकतम 5 लोग लोग कारें लेकर यात्रा कर रहे हैं जिस कारण वाहनों का भारी दबाव हिमालय पर बढ़ता जा रहा है। जिसका विपरीत असर हिमालय के पारितंत्र पर पड़ने के साथ ही अतिवृष्टि, बादल फटने, त्वरित बाढ़ और आसमानी बिजली गिरने जैसी आपदाओं की संख्या बढ़ने के साथ ही उनकी आवृति भी बढ़ रही है। विशेषज्ञों की माने तो मैदानी क्षेत्र की तुलना में पहाड़ों पर वाहनों का प्रदूषण चार गुना अधिक होता है। मैदानों में सामान्यतः वाहन तीसरे और चौथे गेयर में औसतन 60 किमी की गति से चलते हैं। जबकि पहाड़ों की चढ़ाइयों पर वाहन पहले और दूसरे गेयर में औसतन 20 किमी की गति से चलते हैं। वाहन पहाड़ों पर कितनी चढ़ाई चढ़ते हैं इसका अंदाजा इस बात से लग जाता है कि चारधाम यात्रा समुद्रतल से 300 मीटर की ऊंचाई पर स्थिति ऋषिकेश से शुरू होकर समुद्र तल से 3042 मीटर की उंचाई पर स्थित गंगोत्री और 3133 मीटर की उंचाई पर स्थित बद्रीनाथ पहुंचते हैं। वाहनों की अत्यधिक भीड़ का सीधा असर गंगोत्री और सतोपन्थ ग्लेशियरों पर पड़ रहा है। इस तरह हिमालय पर वाहनों की भीड़ से लोकल और ग्लोबल वार्मिंग का तेज होना स्वाभाविक ही है। वाहनों से उत्सर्जित वायु प्रदूषण गैसों और कणों का मिश्रण होता है। साइंस जनरल के फरवरी अंक में प्रकाशित एक शोध पत्र के अनुसार, गैसों में नाइट्रोजन ऑक्साइड (एनओएक्स), कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और ओजोन शामिल हैं। पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) में कार्बनिक और मौलिक कार्बन, सीसा जैसे धातु और पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन शामिल होते हैं। डीजर्ल इंधन से चलने वाले वाहन सर्वाधिक ब्लैक कार्बन उत्सर्जित करते हैं। ब्लैक कार्बन एक प्रकार का कण पदार्थ (पीएम) है जो जीवाश्म ईंधन, बायोमास और अन्य कार्बनिक पदार्थों के अधूरे दहन से उत्पन्न होता है। यह सूर्य के प्रकाश को अवशोषित कर और वातावरण को गर्म करता है और जलवायु को भी प्रभावित करता है। साथ ही यह बर्फ की सतह पर जमा होने पर बर्फ के पिघलने की गति भी बढ़ाता है। वाहनों से सबसे अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित होती है जो कि जीवाश्म ईंधन के दहन से उत्पन्न एक ग्रीनहाउस गैस है। यह जलवायु परिवर्तन में योगदान देने वाली प्राथमिक गैस है। कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन ग्रीनहाउस गैसें हैं जो जलवायु परिवर्तन में योगदान करती हैं। कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन गैस एरोसोल के निर्माण और व्यवहार को प्रभावित करती है जिसके गर्म और ठंडे दोनों चरम प्रभाव हो सकते हैं। इसी तरह मीथेन वायुमंडल में रासायनिक प्रतिक्रियाओं के माध्यम से एरोसोल के निर्माण को जन्म देती है। एरोसोल बादल निर्माण और गुणों को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे पृथ्वी का विकिरण संतुलन प्रभावित होता है और चरम मौसम की स्थिति पैदा हो जाती है जिससे दैवी आपदाओं का खतरा बना रहता है। इसलिए एरोसोल सांद्रता में परिवर्तन जलवायु प्रतिक्रिया तंत्र को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे ग्रीनहाउस गैसों की भूमिका और जटिल हो जाती है। अब कल्पना की जा सकती है कि वाहनों का रेला किस तरह हिमालय को नुकसान पहुंचा रहा है।

# लापरवाह' सिस्टम ने लील ली 10 नवजातों की जिंदगी

झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई सरकारी मेडिकल कॉलेज के स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट में भीषण आग ने 10 नवजातों को हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया। गनीमत यह रही



कि वार्ड की खिड़की तोड़कर 39 नवजातों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई सरकारी मेडिकल कॉलेज के स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट में भीषण आग ने 10 नवजातों को हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया। गनीमत यह रही कि वॉर्ड की खिड़की तोड़कर 39 नवजातों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। किसी अस्पताल के वॉर्ड में आग लगने की यह पहली घटना नहीं है। शायद ही ऐसा कोई राज्य होगा, जहां ऐसे हादसे न हुए होंगे। विडंबना यह है कि हर हादसे के बाद शासन-प्रशासन जागता है और कुछ दिनों में शांति हो जाती है। फिर एक नई घटना होने पर हाय तौबा मच जाती है। झांसी की घटना में अब तक जो लापरवाही सामने आ रही है, वो बेहद गंभीर है। जब आग वॉर्ड में फैल रही थी, तब वॉर्ड ब्वॉय ने अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंगशर) चलाया, लेकिन वो काम नहीं कर रहा था, क्योंकि उसे एक्सपायर हुए चार साल बीत चुके थे। भारत सरकार की स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) पर अगर ध्यान दें तो उसमें स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं। एसओपी के अनुसार अग्निशमन यंत्र का मासिक आधार पर निरीक्षण किया जाना चाहिए। सालाना निरीक्षण किसी पेशेवर द्वारा कराया जाना चाहिए। अग्निशमन यंत्रों के चयन, स्थापना, रख-रखाव के लिए भारतीय मानक 2190 का पालन करना आवश्यक है, क्योंकि प्रत्येक अग्निशमन यंत्र को आग के प्रकार के आधार पर चिन्हित किया जाता है। ऐसे और भी दिशा-निर्देश एसओपी में दिए गए हैं।स्पष्ट है कि भारत सरकार के बने दिशा-निर्देशों का पालन झांसी के अस्पताल में नहीं हो रहा था। यदि केंद्र सरकार देशभर में अस्पतालों में फायर ऑडिट कराए तो उत्तर प्रदेश ही नहीं, अन्य राज्यों के अस्पतालों भी की पोल खुल जाएगी। भले वो सरकारी हों या निजी अस्पताल। अग्निशमन यंत्रों के साथ बिजली उपकरणों का ऑडिट भी आवश्यक है, क्योंकि आग लगने की घटना के पीछे सबसे बड़ा कारण शॉर्ट सर्किट ही निकाल कर आता है। झांसी के केस में भी ऑक्सीजन कंसंट्रेटर में स्पार्किंग हुई और फिर धमाके से आग फैली। घटना के चंद घंटों में झांसी पहुंचे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग, पुलिस और मजिस्ट्रेट से जांच की बात कही है। पाठक कह रहे हैं कि अगर कोई चूक पाई जाती है तो जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई होगी। अब यह देखना होगा कि अग्निशमन यंत्रों के रख-रखाव के लिए जिम्मेदार असली व्यक्ति पर सरकार की कार्रवाई कब तक होती है उत्तर प्रदेश में चार दिन बाद यानी 20 नंवबर को 10 सीटों पर विधानसभा उप चुनाव भी हैं तो इस घटना से राजनीति भी गरमा गई है। विपक्ष प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमलावर है, लेकिन यह समय राजनीति से ज्यादा एकजुटता का होना चाहिए। केवल एक राज्य सरकार की बात नहीं है। पक्ष-विपक्ष की सरकारों को एकमत होकर कड़े नियम बनवाने और लागू कराने की जरूरत है, ताकि आए दिन ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो। जिन 10 बच्चों की जान गई है, वो देश का भविष्य थे। उन नवजातों का क्या कसूर था? सिस्टम की लापरवाही ने उनकी जान ले ली। अब यह सरकार का दायित्व है कि वो केवल जांच के नाम पर मामले खींचने के बजाय न केवल दोषियों को सजा दे, बल्कि ऐसा संदेश भी जाए, जिससे लापरवाह सिस्टम जागे। एक और झांसी देश या प्रदेश में न बने।


# अब क्या होगा ट्रम्प के खिलाफ चल रहे अपराधिक मामलों का

कानूनी जानकारों के अनुसार ट्रम्प की व्हाइट हाउस में वापसी उनके खिलाफ कई वर्षों की जांचों और मुकदमों को समाप्त कर देगी, जिनमें विशेष काउंसल जैक स्मिथ और जॉर्जिया जिला अटॉर्नी फानी विलिस द्वारा चलाए गए मामले भी शामिल हैं, और यह उन्हें अभियोजन से व्यापक बचाव प्रदान करेगा।डोनाल्ड ट्रम्प न केवल पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन पर गंभीर अपराधों के आरोप लगे हैं, बल्कि अब वह पहले ऐसे दोषी व्यक्ति बन गए हैं, जिन्होंने राष्ट्रपति चुनाव भी जीत लिया है। ट्रम्प की यह विजय संभवतः उन्हें उनकी कई गलतियों के लिए गंभीर कानूनी परिणामों से बचने का मार्ग प्रशस्त करती है, जिससे उनके खिलाफ चल रहे विभिन्न आपराधिक और सिविल मामलों पर प्रभावी रूप से रोक या स्थगन लग जाएगा। कानूनी जानकारों के अनुसार ट्रम्प की व्हाइट हाउस में वापसी उनके खिलाफ कई वर्षों की जांचों और मुकदमों को समाप्त कर देगी, जिनमें विशेष काउंसल जैक स्मिथ और जॉर्जिया जिला अटॉर्नी फानी विलिस द्वारा चलाए गए मामले भी शामिल हैं, और यह उन्हें अभियोजन से व्यापक बचाव प्रदान करेगा।चुनाव जीतते ही ट्रम्प ने शपथ ली है कि यदि स्मिथ ने पहले ही स्वयं पद नहीं छोड़ा तो वह जैसे ही पदभार संभालेंगे, विशेष काउंसल जैक स्मिथ को कुछ ही सेकंड में हटा देंगे। स्मिथ ट्रम्प की 2020 के चुनाव परिणामों को पलटने की कोशिश और मार-ए-लागो में रखे गए गुप्त दस्तावेजों के मामले की जांच कर रहे थे।ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के साथ ही वह इन मामलों को न्याय विभाग के माध्यम से समाप्त कर सकते हैं। वाशिंगटन में चल रहे स्मिथ के मामले (जो ट्रम्प की 6 जनवरी को कैपिटॉल पर हमले में भूमिका से संबंधित हैं) और फ्लोरिडा में (गुप्त दस्तावेजों से संबंधित) संभवतः अब स्थगित या पूरी तरह से खारिज हो सकते हैं।वाशिंगटन में ट्रम्प पर 2020 के चुनाव नतीजों के हरण की कोशिश करने के आरोप हैं। लेकिन कोई भी फाइलिंग की समय



सीमा, जो जज तन्या चुटकन द्वारा निर्धारित की गई है, ट्रम्प के पदभार संभालने के बाद स्थगित हो सकती है। जब तक न्याय विभाग का नेतृत्व बदल नहीं जाता तब तक फ्लोरिडा में ट्रम्प के मार-ए-लागो मामले की अपील शायद अनिश्चितकाल के लिए विलंबित हो सकती है।फुल्टन काउंटी की जिला अटॉर्नी फानी विलिस का ट्रम्प के खिलाफ मामला, जो 2020 के चुनाव परिणामों को भ्रष्ट करने के कथित प्रयास से संबंधित है वह कानूनी चुनौतियों के कारण कारण दरकिनार कर दिया गया है। ट्रम्प की अपील, जिसमें विलिस के संभावित हितों के टकराव के कारण मामले को कई महीनों के लिए रोक दिया गया था।अब यदि विलिस अपील में जीतती हैं और मामला फिर से शुरू होता है, तो ट्रम्प राष्ट्रपति की इम्यूनिटी का हवाला देते हुए यह तर्क देंगे कि एक राष्ट्रपति को राज्य स्तर के अभियोजक द्वारा अभियुक्त नहीं बनाया जा सकता। अगर यह मामला ट्रम्प के कार्यकाल के अंत तक खिंचता है तो फिर दस साल पुराने मामले को साबित करना कठिन होगा।ट्रम्प भुगतान को छिपाने के लिए कथित तौर पर व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के मामले में आपराधिक मुकदमे का सामना करने वाले पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति हैं। अश्लील फिल्मों की एक्टर स्टॉर्मी डेनियल्स का दावा था कि उसने और ट्रम्प ने सेक्स किया था और उसने राज न खोलने के बदले में 2016 के चुनाव से पहले अपने पूर्व वकील से 130,000 डॉलर ट्रम्प से लिए थे।ट्रम्प को स्टॉर्मी डेनियल्स को चुप रहने के लिए पैसे देने के मामले में 34 आरोपों में दोषी ठहराया गया था। इस मामले में सजा 26 नवंबर 2024 को निर्धारित की गई है। लेकिन ट्रम्प की कानूनी टीम यह तर्क दे सकती है कि राष्ट्रपति-निर्वाचित को राज्य अदालत में पेश नहीं होना चाहिए। खासकर जब वह अपने राष्ट्रपति पद के संक्रमण काल में हों। ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद जेल की सजा बाद में टल सकती है।यदि जज जुआन मर्चन कोई गैर-जेल सजा, जैसे घर में नजरबंदी या सामुदायिक सेवा निर्धारित करते हैं, तो ट्रम्प की कानूनी टीम यह तर्क देते हुए कि राष्ट्रपति के कर्तव्य कानूनी दायित्वों से पहले आते हैं इसलिए इसे भी स्थगित करने की कोशिश करेगी।आपराधिक मामलों के अलावा ट्रम्प कई बड़े सिविल मुकदमों का भी सामना कर रहे हैं, जिनकी राशि सैकड़ों मिलियन डॉलर तक पहुंचती है। इन मामलों में धोखाधड़ी, मानहानि, यौन उत्पीड़न और कॉर्पोरेट गलत कामों के आरोप हैं।ट्रम्प राष्ट्रपति पद की शक्ति का उपयोग इन वित्तीय दायित्वों से खुद को बचाने के लिए कर सकते हैं। जहां तक आपराधिक सुरक्षा का सवाल है, वहां कोई संवैधानिक बाधा नहीं है, जिससे एक राष्ट्रपति पर नागरिक दंड नहीं लगाया जा सकता। हालांकि, ट्रम्प यह तर्क देंगे कि सिविल या दीवानी मुकदमे उनके कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं और इसलिए इन पर निर्णय में देरी हो सकती है।धोखाधड़ी मामला (न्यूयॉर्क): न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिशा जेम्स ने ट्रम्प के खिलाफ निर्णय लिया, जिसमें उन्होंने ट्रम्प के नेट वर्थ और रियल एस्टेट मूल्य को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया, ताकि वह बैंकों और बीमा कंपनियों से अनुकूल ऋण प्राप्त कर सकें।

# स्पोर्ट्स










## कूच विहार ट्रॉफी के लिए शहर आएंगी यूपी और विदर्भ की टीमें, 28 नवंबर से होगा मैच

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कूच विहार ट्रॉफी के लिए 28 नवंबर से मैच होगा। यूपी की टीम 11 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर हैं।बीसीसीआई की अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश और विदर्भ के बीच होने वाले 28 नवंबर को मुकाबले की मेजबानी ग्रीनपार्क स्टेडियम करेगा। यूपी और विदर्भ की टीमें 26 नवंबर को कानपुर पहुंचेंगी। एलीट ग्रुप सी में शामिल उत्तर प्रदेश अभी तक तीन मुकाबले खेल चुका है। इसमें एक मैच में जीत, एक में हार और एक मैच ड्रॉ रहा है। टीम 11 अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। कूच बिहार ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश को कुल पांच लीग मैच खेलने हैं। इसमें टीम तीन मैच खेल चुकी है। बरेली में हुए पहले घरेलू मैच में टीम को मध्य प्रदेश के हाथों 297 रनों की शिकस्त का सामना करना पड़ा था। वहीं, बिलासपुर में मेजबान हिमाचल प्रदेश को एक पारी और 230 रनों से हराया था, जबकि उत्तर प्रदेश का तीसरा मैच 20 नवंबर को आंध्र प्रदेश के खिलाफ मंगलागिरी में हुआ था, जो ड्रॉ रहा। इस मैच में यूपी ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर अधिक अंक हासिल नाम किए थे। वहीं, चौथा मैच कानपुर ग्रीनपार्क स्टेडियम में 28 नवंबर को और आखिरी मैच छह दिसंबर को उत्तराखंड के खिलाफ काशीपुर में खेला जाएगा। यूपीसीए की मीडिया कमेटी के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने बताया कि कूच बिहार ट्रॉफी में यूपी और विदर्भ के बीच होने वाले मुकाबले के लिए ग्रीनपार्क स्टेडियम



पूरी तरह से तैयार है। सीएसजेएमयू की ओर से मिशन शक्ति के तहत दो दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सोमवार को कैनाल रोड स्थित श्री चतुर्भुज शिवजी एंग्लो गुजराती भवन में किया गया। इसमें छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक के निदेशन में अस्त्र टीम के प्रशिक्षक विजय कुमार और सहायक आर्यन, मानसी, आसना, बुशरा, विशी ने बालिकाओं को पंच और किक का सही इस्तेमाल करने की जानकारी दी। कहा कि यदि पीछे से कोई पकड़कर उठने की कोशिश करे, तो दोनों पैरों का इस्तेमाल करके हमला करें। योग और व्यायाम से शरीर को स्वस्थ रखें। इस मौके पर नीतू शाह, अरुणा श्रीवास्तव, श्वेता पाठक, नीलम बाजपेई, नागेंद्र, संजय मिश्रा आदि मौजूद रहे। दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में 19 से 23 नवंबर तक फेडरेशन कप कराटे चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। इसमें तीन हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। चैंपियनशिप में कानपुर की नामिष, वैभवी व आद्विका ने रजत पदक जीता। तो, युवराज शुक्ला, युवराज सिंह, प्रज्ञान सोनी, दृष्टि सिंह, आयुष सिंह यादव, अर्शिका पोरवाल, सुमित यादव, कृष्णा यादव, विवेक सिंह, आर्यन वर्मा, अक्षत, अभिषेक, आराध्य, ओम ने कांस्य पदक अपने नाम किए। इस चैंपियनशिप में पदक जीतने के साथ ही खिलाड़ियों का चयन 2025 में गोवा में होने वाली अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

## भारत वापस लौटेंगे कोच गौतम गंभीर, पारिवारिक कारणों से ऑस्ट्रेलिया दौरा बीच में छोड़ेंगे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सीरीज के पहले टेस्ट मैच में भारत की जीत के बाद अब वह पारिवारिक कारणों से देश लौटेंगे। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में उन्होंने जसप्रीत बुमराह के साथ मिलकर भारतीय टीम को जीत दिलाई।इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट मैच शनिवार से शुरू होने वाला है। फिलहाल भारतीय टीम एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट की तैयारी कर रही है। दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई तेज




अगर सबकुछ ठीक रहा तो दूसरे टेस्ट से पहले वह लौट जाएंगे। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पारिवारिक आपातकाल के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच में ही ऑस्ट्रेलिया से वापस आएंगे। हालांकि, वह दूसरे टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया लौट जाएंगे। दूसरा टेस्ट छह दिसंबर से एडिलेड में खेला जाना है, जो कि एक डे-नाइट टेस्ट मैच होगा। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में भारत की ऐतिहासिक जीत के दौरान गंभीर ने अहम भूमिका निभाई थी। के मुताबिक, सीरीज के पहले टेस्ट मैच में भारत की जीत के बाद अब वह पारिवारिक कारणों से देश लौटेंगे। अगर सबकुछ ठीक रहा तो दूसरे टेस्ट से पहले वह लौट जाएंगे। भारत ने पर्थ में 295 रन की जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई थी। दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम बुधवार को कैनबरा जाएगी, जहां उन्हें दो दिवसीय पिंक बॉल अभ्यास मैच खेलना है। हालांकि, गौतम गंभीर इस अभ्यास मैच के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। अभ्यास गेंदबाजी और भारतीय बल्लेबाजी के बीच कड़ी टक्कर होने की उम्मीद है। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की दूसरे टेस्ट में वापसी हो सकती है। इससे टीम मैनेजमेंट की मुश्किलें बढ़ गई हैं। टीम इंडिया को मैच जीतने के बावजूद प्लेइंग-11 में बदलाव करना पड़ सकता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के पहले मैच के चौथे दिन रोहित शर्मा को भारतीय ड्रेसिंग रूम में गंभीर के साथ बैठे देखा गया था। रोहित को सोमवार को नेट्स पर पिंक बॉल से अभ्यास करते हुए देखा गया और वह एडिलेड में अहम मुकाबले से पहले अपने स्किल पर काम करते दिखे। भारत ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हरा दिया है। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 534 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में कंगारू टीम 238 रन पर सिमट गई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 104 रन पर सिमट गई। भारत को पहली पारी के आधार पर 46 रन की बढ़त मिली थी। दूसरी पारी भारत ने छह विकेट पर 487 रन बनाकर घोषित कर दी थी और कुछ बढ़त 533 रन की हासिल की थी। ध्यान देने वाली बात यह है कि टीम इंडिया में न तो रोहित शर्मा थे, न ही शुभमन गिल, न ही रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन और न ही मोहम्मद शमी थे। इसके बावजूद टीम इंडिया ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। 2021 में गाबा में ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ने के बाद भारत ने अब पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ा है। इस टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में चार टेस्ट खेले थे और सभी जीते थे।

## यह सिर्फ जीत नहीं, जवाब है', पर्थ में भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद सोशल मीडिया पर झूम उठे प्रशंसक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत की जीत के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। पूर्व क्रिकेटर्स से लेकर फैंस टीम इंडिया की सराहना कर रहे हैं। वीरेंद्र सहवाग ने तो कप्तान बुमराह, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सिराज और नीतीश की तस्वीर साझा की है। कप्तान जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की घातक गेंदबाजी से भारत ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष और मध्य क्रम को ध्वस्त किया जिसके बाद वाशिंगटन सुंदर (48 रन पर दो विकेट), नीतीश रेड्डी (21 रन पर दो विकेट) और हर्षित राणा (69 रन पर एक विकेट) ने निचले क्रम को समेटा। राणा और रेड्डी इस मैच में डेब्यू कर रहे थे। भारत की जीत के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। पूर्व क्रिकेटर्स से लेकर फैंस टीम इंडिया की सराहना कर रहे हैं। में वापस आ गए। एक ऐसी जीत जो हम सभी को बहुत गौरवान्वित महसूस कराती है।'ध्यान देने वाली बात यह है कि टीम इंडिया में न तो रोहित शर्मा थे, न ही शुभमन गिल, न ही रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन और न ही मोहम्मद शमी थे। इसके बावजूद टीम इंडिया ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। 2021 में गाबा में ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ने के बाद भारत ने अब पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया की तुलना में कम अनुभव वाली टीम इंडिया ने कंगारुओं को चौंकाया है। पर्थ की उछाल और गति वाली पिच पर मेजबान को डरा कर रखना शानदार बात रही। भारत का यह ऑस्ट्रेलिया में रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत भी है। 295 रन से यह मुकाबला जीतने से पहले भारत ने मेलबर्न में 1977 में 222 रन से जीत दर्ज की थी। वहीं, 2018 में भारत ने मेलबर्न




ने सोमवार को पर्थ में ऑस्ट्रेलिया को पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन 295 रन से हराकर इस देश में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। साथ ही पांच मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। भारत के 534 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया बुमराह (42 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (51 रन पर तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के सामने 58.4 ओवर में 238 रन पर ढेर हो गया। बुमराह और सिराज वीरेंद्र सहवाग ने तो कप्तान बुमराह, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सिराज और नीतीश की तस्वीर साझा की है। उन्होंने लिखा- ये सिर्फ एक जीत नहीं बल्कि एक जवाब है। जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों में जो डर पैदा किया है, उन्होंने शानदार नेतृत्व किया। सिराज से उन्हें अच्छा समर्थन मिला। यशस्वी जयसवाल ने नए मानक स्थापित किया है और वास्तव में यादगार पारी खेली और किंग कोहली अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ा है। इस टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में चार टेस्ट खेले थे और सभी जीते थे। पांचवें में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। पहले मैच पर्थ के वाका स्टेडियम में खेले जाते थे। हालांकि, 2018 से ऑप्टस स्टेडियम में मैच खेले जाने लगे। पर्थ (वाका, 2008), एडिलेड (2008), गाबा (2021) और अब पर्थ (ऑप्टस)...भारत ने ऑस्ट्रेलिया में कुछ ऐतिहासिक मैच जीते हैं। खास में ऑस्ट्रेलिया को 137 रन से हराया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से क्लीन स्वीप होने के बाद भारतीय टीम की यह वापसी खास है। जसप्रीत बुमराह ने असाधारण कप्तानी की और फ्रंट से टीम को लीड किया। जब मुश्किल में पड़े, उन्होंने विकेट निकालकर दिया। पहली पारी में बुमराह ने पांच विकेट और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए। उन्हें इसके लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

## हाइब्रिड मॉडल में खेली जाएगी चैंपियंस ट्रॉफी पीसीबी को मनाने की कोशिश में जुटा आईसीसी दिया ऑफर


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एक सूत्र के हवाले से बताया कि पीसीबी को गतिरोध समाप्त करने के लिए अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन की पेशकश की गई है। उन्होंने कहा- पीसीबी ने कड़ा रुख अपनाया है और हाइब्रिड मॉडल के तहत टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं करना चाहता है अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल के तहत टूर्नामेंट की मेजबानी नहीं करना चाहता है। इसलिए अब गतिरोध को समाप्त करने के लिए उन्हें अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन की पेशकश की जा रही ह सूत्र ने पीटीआई को बताया कि मंगलवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफ़ी पर चल रहे गतिरोध को खत्म करने के लिए मंगलवार को वर्चुअल बैठक




का आयोजन होना है। हालांकि, अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा नहीं की। बीसीसीआई) पहले ही भारतीय टीम को पाकिस्तान की यात्रा पर भेजने से इनकार कर चुका है। वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भी हाइब्रिड मॉडल के लिए इनकार कर चुका है। इस गतिरोध को खत्म करने के लिए आईसीसी तमाम कोशिशें कर रहा है। अब खबर आई है कि आईसीसी ने पीसीबी को हाइब्रिड मॉडल के लिए हामी भरने के लिए खास ऑफर दिया है। एक सूत्र के हवाले से बताया कि पीसीबी को गतिरोध समाप्त करने के लिए अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन की पेशकश की गई है। उन्होंने कहा- पीसीबी ने कड़ा रुख अपनाया है और कर सकती है। उन्होंने कहा, संभावना है कि कल (मंगलवार) तक बोर्ड प्रतिनिधियों की वर्चुअल चर्चा के बाद चैम्पियंस ट्रॉफी के आयोजन और प्ररूप को लेकर चीजें काफी हद तक साफ हो जाएंगी। हालांकि, पीसीबी से जुड़े एक सूत्र ने शनिवार (23 नवंबर) को पीटीआई से कहा था कि उन्हें अब तक इस बैठक के लिए कोई जानकारी नहीं मिली है। सूत्र ने कहा- हमें आईसीसी से हमारे, बीसीसीआई और आईसीसी के बीच किसी भी बैठक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। सूत्र ने आगे बताया कि अब तक पीसीबी को आईसीसी की तरफ से उस ईमेल का जवाब नहीं मिला है, जिसमें उन्होंने भारत से पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने के कारण पूछे थे।

## बुमराह के साथ गेंदबाजी के लिए बोल्ट मिलने पर खुश है मुंबई इंडियंस', बोले आकाश अंबानी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पांच बार की चैम्पियन टीम ने पिछले दो सत्र में बुमराह और जोफ्रा आर्चर की जोड़ी बनाई थी लेकिन आर्चर के लगातार चोटिल होने से उसकी रणनीति प्रभावित हुई। मुंबई इंडियंस के मालिक आकाश अंबानी ने प्रसन्नता जताई कि आईपीएल 2025 में जसप्रीत बुमराह हम यह जोड़ी चाहते थे। नीलामी में आप किसी एक खिलाड़ी को तरजीह नहीं दे सकते । हमें खुशी है कि बोल्ट की वापसी हुई है।'अंबानी ने कहा कि अफगानिस्तान के स्पिनर अल्लाह गजांफर को लेने के लिए उन्हें काफी सोच विचार करना पड़ा । उन्होंने कहा, 'एक विदेशी स्पिनर लेने के




के जोड़ीदार के रूप में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को लेने की उनकी योजना कामयाब रही। अंबानी ने आईपीएल मेगा नीलामी के दूसरे दिन कहा कि मुंबई इंडियंस ने अपने 12 खिलाड़ी तय कर लिए हैं जिनमें बोल्ट और बुमराह शामिल है। पांच बार की चैम्पियन टीम ने पिछले दो सत्र में बुमराह और जोफ्रा आर्चर की जोड़ी बनाई थी लेकिन आर्चर के लगातार चोटिल होने से उसकी रणनीति प्रभावित हुई। अंबानी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के मुख्य कोच एंडी फ्लावर के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'ट्रेंट बोल्ट और बुमराह की वापसी हो गई है और लिये हमें काफी सोच विचार करना पड़ा।' उन्होंने कहा, हम उसे एक पैकेज के रूप में देखते हैं और हमें खुशी है कि वह हमारी टीम में है।'अंबानी ने कहा कि पिछली नीलामी में रोशन मिंज को गुजरात टाइंटस को खोने से वह दुखी है, लेकिन अब मुंबई इंडियंस टीम में झारखंड के विकेटकीपर बल्लेबाज का काफी विकास होगा। उन्होंने कहा, 'वह एम एस धोनी या ईशान किशन की याद दिलाता है। या दोनों की, क्योंकि वह विकेटकीपर और खब्बू बल्लेबाज है। वह निचले क्रम में आता है। हम उससे बहुत खुश हैं।

## करोड़पति बनते ही विवादों में वैभव सूर्यवंशी, उम्र पर उठे सवाल, पिता बोले- किसी से नहीं डरते

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल नीलामी में 13 साल के वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपये में खरीदा। इस खिलाड़ी का बेस प्राइस 30 लाख रुपये था और वह अपने बेस प्राइस से लगभग चार गुना ज्यादा दाम पर बिके।वैभव सूर्यवंशी की उम्र उस दौरान 10 वर्ष थी, पिता संजीव ने उस दौरान ही ठान लिया था कि उन्हें अपने बेटे को क्रिकेटर बनाना है। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी जमीन बेच दी, लेकिन उन्हें यह नहीं मालूम था कि तीन वर्ष के अंदर ही उनका बेटा उनके सपने को पूरा कर देगा। आईपीएल की बोली में 13 वर्ष के वैभव को 1.10 करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स ने अपने साथ जोड़ लिया। आईपीएल के इतिहास में वैभव किसी भी टीम से जुड़ने वाले सबसे युवा क्रिकेट बन गए। हालांकि, इस युवा क्रिकेटर के करोड़पति बनते ही विवाद शुरू हो गया। उनकी उम्र को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। हालांकि, वैभव के पिता ने आलोचना करने वालों को करारा जवाब दिया है और कहा है कि वह किसी से नहीं डरते और जो भी जानकारी दी गई है, वह सही है समस्तीपुर से 15 किलोमीटर दूर मोतीपुर गांव में खेती योग्य जमीन को बेचने वाले संजीव के पास बेटे को राजस्थान की ओर से लिए जाने के बाद कोई शब्द नहीं हैं। वह कहते हैं कि वैभव अब उनका बेटा नहीं बल्कि पूरे बिहार का बेटा है। संजीव के मुताबिक उनके बेटे ने आठ वर्ष की उम्र में ही कठिन मेहनत की और जिले के अंडर-16 ट्रायल में सफलता हासिल की। वह बेटे को कोचिंग के लिए समस्तीपुर ले गए, लेकिन उन्हें वापस लौटना पड़ा। इसके बाद उन्होंने अपनी जमीन बेच दी।संजीव बताते हैं कि हालात अभी तक नहीं सुधरे हैं। वैभव की उम्र संबंधी विवादों पर संजीव कहते हैं कि जब वह साढ़े आठ साल का था तो बीसीसीआई की ओर से उसकी हड्डियों का टेस्ट हुआ था। वह कहते हैं कि उन्हें इस बारे में किसी का डर नहीं है। हम आगे भी किसी टेस्ट तक जा सकते हैं। वैभव की उम्र को 15 साल का बताया जाता है। संजीव के मुताबिक राजस्थान ने वैभव को नागपुर में ट्रायल के लिए बुलाया था।आईपीएल नीलामी में 13 साल के वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपये में खरीदा। इस खिलाड़ी का बेस प्राइस 30 लाख रुपये था और वह अपने बेस प्राइस से लगभग चार गुना ज्यादा दाम पर बिके। वह आईपीएल नीलामी इतिहास में बिकने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। बिहार के वैभव ने सिर्फ 13 साल और 242 दिनों की उम्र में आईपीएल नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में इतिहास रच दिया था। अब उन्हें टीम भी मिल गई है। वैभव के लिए राजस्थान और दिल्ली कैपिटल्स के बीच लड़ाई थी। वैभव घरेलू सर्किट में काफी धमाल मचा चुके हैं। इस बाएं हाथ के बल्लेबाजी ने बहुत कम उम्र में ही अपने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। जनवरी 2024 में बिहार के लिए प्रथम श्रेणी में डेब्यू करने के बाद, सूर्यवंशी ने सितंबर भारत ळ19 बनाम ऑस्ट्रेलिया ळ19 यूथ टेस्ट सीरीज के दौरान एक शानदार शतक के साथ सभी का ध्यान आकर्षित किया था। सूर्यवंशी आगामी अंडर-19 एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में भारत और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीमों के बीच दो मैचों की अनाधिकारिक टेस्ट सीरीज खेली गई थी। इसमें बिहार के लाल ने महज 58 गेंदों में शतक जड़ा था। अब वह इंग्लैंड के बल्लेबाज मोईन अली से महज सिर्फ एक स्थान पीछे हैं। उन्होंने 2005 में अंडर-19 में 56 गेंदों में शतक जड़ा था। इसी के साथ वैभव ने अंडर-19 टेस्ट में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बना लिया है। युवा खिलाड़ी ने अपनी दमदार पारी के दौरान 14 चौके और चार शतक लगाए। वह मात्र 62 गेंदों पर 104 रन बनाकर रन आउट हो गए।



## संक्षिप्त समाचार

### सुबह तड़के पुलिस संग हुई मुठभेड़- दूसरे आरोपी के पैर में लगी गोली- गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** हौली बलिया गांव में 16 नवंबर की रात विशाल सिंह पुत्र विनीत सिंह की हत्या कर दी गई। मामले में चार लोगों पर हत्या का केस दर्ज हुआ। 18 नवंबर को को पुलिस ने रुद्रपुर करहकोल मार्ग स्थित भागड़ा पुल के समीप से रजा खान को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। आरोप है कि इसी राहुल अली के फोन कर बुलाने



पर विशाल घर से बाहर गया था। शनिवार की सुबह मुठभेड़ में पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है।छात्र नेता विशाल सिंह श्रीनेत की हत्याकांड में शामिल दूसरे आरोपी को पुलिस ने शनिवार की तड़के सुबह नगवा गांव के सीकट बांध के समीप गिरफ्तार किया। पुलिस मुठभेड़ में धराया दूसरा आरोपी राहुली अली के दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस हत्या के एक आरोपी को पहले गिरफ्तार कर चुकी है। दो अन्य को गिरफ्तार होना अब बाकी है। हौली बलिया गांव में 16 नवंबर की रात विशाल सिंह पुत्र विनीत सिंह की हत्या कर दी गई। मामले में चार लोगों पर हत्या का केस दर्ज हुआ। 18 नवंबर को को पुलिस ने रुद्रपुर करहकोल मार्ग स्थित भागड़ा पुल के समीप से रजा खान को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था।पुलिस के अनुसार 25 हजार का ईनामी बदमाश राहुल अली उर्फ रहीमूल निवासी रानीपुर भिटहा, कौड़ीराम के बारे में एकौना थाने के नगवा गांव के समीप बाइक से जाने की सूचना मिली। एकौना, रुद्रपुर और सुरौली थाने की पुलिस ने उसे घेर लिया। बदमाश ने पुलिस पर एक फायर झोंक दिया।जवाबी फायरिंग में पुलिस ने उसे मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पैर में गोली लगी है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अदद देशी तमन्चा, कारतूस और बाइक मिला है। घायल बदमाश को लेकर पुलिस मेडिकल कॉलेज देवरिया लेकर पहुंची।रुद्रपुर। छात्र नेता विशाल सिंह हत्याकांड में शामिल राहुल अली के जीजा और उसके भाई को पुलिस ने दो दिन पहले गिरफ्तार किया था। राहुल अली घटना को अंजाम देने के बाद अपनी बहन के घर गोरखपुर जिले के बांसगांव थाने के रानीपुर गांव में शाहिल के घर पहुंचा था। उसके संपर्क में चचेरा भाई गोरखपुर के उरुआ थाना के यशवंतपुर निवासी सलीम भी था। जिसे पकड़ कर पुलिस ने चालान किया था। विशाल हत्याकांड में दो आरोपी रजा खान और राहुल अली को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर चुकी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए की गई बैठक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व राजकुमार सिंह, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा-निर्देशन में दिनांक 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, समस्त सिविल जज(व0 श्रेणी), समस्त अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, समस्त सिविल जज(क0 श्रेणी) के न्यायालयों में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण की रुप-रेखा तय किये जाने हेतु बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आहूत की गयी। उक्त बैठक की अध्यक्षता माननीय जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह द्वारा की गयी। माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, जिससे अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। बैठक में पिछले लोक अदालत की सफलता को दोहराने व उसे और सफल बनाने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें सभी ने अपने-अपने सुझाव साझा किये। बैठक में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य के द्वारा मा0 उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिये गये निर्देशों के प्रकाश में न्यायालय में लम्बित मामलों का निस्तारण कर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने का प्रयास किया गया। उक्त बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह, प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमोद कंठ, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रे-द्वितीय प्रभाष त्रिपाठी व अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेटगण उपस्थित रहे।

## सर्व शक्ति साधना मंडल के भक्तों ने बाबा नीम करौली के दर्शन किए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** सर्वशक्ति साधना मंडल नोएडा की टीम ने कैंची धाम नैनीताल में नीम करोली बाबा के दर्शन किए और घोराखाल में श्री गोलू देवता के भी दर्शन किए और रानीबाग मे शीतला माता के दर्शन किये। करोली बाबा को कलयुग में हनुमान जी का अवतार माना जाता है और श्री गोलू देवता को न्याय का देवता माना जाता है । नीम करोली बाबा का वास्तविक नाम लक्ष्मीनारायण शर्मा था। उत्तरप्रदेश के अकबरपुर गांव में उनका जन्म 1900 के आसपास हुआ था ,नीम करौली बाबा के अनुसार जो इंसान अपने धन का कुछ हिस्सा जरूरतमंदों को बांटता है वह हमेशा खुशहाल रहता है इस अवसर पर आर डब्लू ए उपाध्यक्ष रवि राघव, देवमणि शुक्ल, गोरे लाल, संजय पांडे, हरि शंकर सिंह, प्रकाश जोशी, हंस मणि शुक्ल, दीपक मेहरा, आशीष कुन्दु, अंकित सिंह आदि सर्व शक्ति साधना मंडल नोएडा के सदश्य उपस्थिति रहे।



# यातायात माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** पुलिस कमिश्नरेट द्वारा टीएसआई राकेश यादव और एचसी यशपाल ने छात्रों और रमेश सिंह चौहान ने कहा कि यातायात नियम हमारी सुरक्षा के



सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे यातायात माह के तहत सेक्टर 62 स्थित एवियर एजुकेशनल हब डिग्री कॉलेज में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शेयर संस्था की नुक्कड़ नाटक टीम ने भाग लिया और सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के महत्व पर एक प्रभावी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में ट्रैफिक अंकल के नाम से प्रसिद्ध उपस्थित जनसमुदाय को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने सभी को इन नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। चेयरमैन संदीप सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम युवाओं को सही दिशा दिखाने में सहायक होते हैं। मैं पुलिस कमिश्नरेट और साझेदार संस्थाओं को इस पहल के लिए बधाई देता हूं। टी आई लिए हैं। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, और संकेतों का पालन करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। समाज में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक है, और मैं सभी से अपील करता हूं कि नियमों का सख्ती से पालन करें।इस अवसर पर युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह, कॉलेज के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ अस्मिंदर सिंह बहल, रविता सिंह, आदि मौजूद थे।

# जिला कारागार में बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित हुआ जागरुकता शिविर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/



अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की पाकशाला, लीगल ऐड क्लीनिक व काष्ठ प्रशिक्षण केन्द्र का अवलोकन किया गया। सचिव द्वारा बन्दियों से पूछा गया कि उनके पास अधिवक्ता है अथवा नहीं तथा ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो। कारागार के चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान बन्दी रोगियों की समस्याओं को सुना गया। निरीक्षण के पश्चात बन्दियों को विधिक रुप से जागरुक करने हेतु विधिक जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित बन्दियों को उनके विधिक अधिकार बताये गये तथा यह भी बताया गया कि जिनकी जमानत माननीय उच्च न्यायालय से होनी है तथा उनके पास अधिवक्ता न हो तो वह माननीय उच्च न्यायालय, विधिक सेवा समिति इलाहाबाद को प्रार्थना पत्र लिखकर निःशुल्क अधिवक्ता हेतु जेल में स्थित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से मदद ले सकते है। दौरान निरीक्षण व विधिक जागरुकता कार्यक्रम में जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह, जेलर हिमाशुँ रौतेला, उप कारापाल धर्मपाल सिंह, उप कारापाल अंकित गौतम, उप कारापाल सुमैया परवीन, डॉ0 सुनील अग्रवाल व डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल जय सिंह यादव उपस्थित रहे।

# नैट और नैस परीक्षा-2024 को सफल बनाएं प्रधानाध्यापकः डीएम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता को लेकर आगामी दिनों में होने वाली नैट, नैस और निपुण भारत लक्ष्य की परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अधिकारियों के साथ बैठक ली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने 29 और 30 नवंबर को होने वाली निपुण असेसमेंट टेस्ट (नैट परीक्षा), राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (नैस) परख परीक्षा को सफल बनाने को लेकर विभागीय दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को निर्धारित समय में निपुण बनाने के लिए उनकी उपस्थिति पर सर्वाधिक ध्यान देना होगा। विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित रहे, इसके लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को सफल बनाने के लिए प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए जाएं। इसके अलावा उन्होंने परीक्षा के दिन जिला स्तरीय अधिकारी से लेकर ब्लॉक तक के अधिकारियों को निगरानी और रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा। उन्होंने राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत एक्सपोजर विजिट और कायाकल्प के संबद्ध में भी विभागीय समीक्षा की। बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राएं और शिक्षक नेट (निपुण असेसमेंट टेस्ट) की तैयारियों में जुटे हुए हैं। शासन के निर्देश पर शिक्षक अपनी तरह से छात्र-छात्राओं को बोर्ड के माध्यम से ओएमआर शीट भरने का अभ्यास करा रहे हैं। विद्यालयों में क्लॉस 4 से 8 तक के बच्चों का नियमित ओएमआर सीट पर अभ्यास अध्यापक करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा 29 और 30 नवंबर को परिषदीय विद्यालयों में कराई जाएगी। उन्होंने वताया कि इस परीक्षा के आने वाले परिणाम को स्कूल शिक्षा महानिदेशालय की ओर से प्रेरणा पोर्टल पर ऑनलाइन रिजल्ट अपलोड करने का विकल्प जोड़ दिया गया है। राज्य स्तर पर स्कूलों की निगरानी व शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए विद्या समीक्षा केंद्र बनाया गया है, जो प्रत्येक स्कूल के रिजल्ट का विश्लेषण किया जाएगा। इस परीक्षा को बहुत सावधानी के साथ में परीक्षा सम्पादित कराने के निर्देश प्रधानाध्यापकों को दिए गए हैं। परीक्षा को लेकर निगरानी बीईओ से लेकर एसआरजी व एआरपी कर रहे हैं। इस परीक्षा के बाद दिसंबर माह में एनएएस यानी राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण परख होना है। यह सर्वे भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जाने वाला एक शैक्षिक मूल्यांकन सर्वेक्षण है। यह सर्वेक्षण, देश भर के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की सीखने की उपलब्धि का आकलन करने के लिए किया जाता है। इस सर्वेक्षण के ज़रिए, शिक्षा प्रणाली की दक्षता का पता चलता है और सुधार के लिए कदम उठाएं जा सकते हैं। यह सर्वेक्षण तीन साल में एक बार आयोजित किया जाता है। इस टेस्ट को बेहतर ढंग से विभाग के साथ पर कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## वायु प्रदूषण बढ़ने पर ही सरकार क्यों जागती है - रवि राघव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** नोएडा भारतीय किसान



यूनियन (भूमि पुत्र) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रवि राघव ने दिल्ली एनसीआर में निर्माण कार्यों पर रोक लगाने को सरकारों का नकारापन कहा है ।किसान नेता ने कहा है कि हर साल अक्टूबर और नवंबर महीने में केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार के नकारेपन के कारण दिल्ली एनसीआर गैस का चैंबर बन जाता है वायु प्रदूषण बढ़ने पर ही कार्रवाई क्यों की जाती है साल भर तक सरकार सोती रहती हैं । समय रहते अगर इन सब पर उचित कार्रवाई की जाए ,इस समय इन सब की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। किसान नेता ने आगे कहा है एक तरफ तो केंद्र सरकार देश को विश्व गुरु बनाने की बात करती है और दूसरी तरफ सरकार हर साल दिल्ली एनसीआर को गैस चैंबर बनने से नहीं रोक सकती ,देश की जीडीपी में रियल स्टेट की 10ज्ञ् हिस्सेदारी है और इस रियल स्टेट को हर साल करीब-करीब एक महीने के लिए बंद कर दिया जाता है । लाखों श्रमिक बेरोजगार हो जाते हैं उनकी रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो जाती है बेरोजगार श्रमिकों के परिवारों का पालन पोषण किस प्रकार होगा सरकार इस पर भी उचित ध्यान दे।

# सेवा भारती किशोरी स्वावलंबन कार्यशाला का समापन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा विभाग - सेवा भारती का तीन दिवसीय किशोरी स्वावलंबन कार्यशाला का समापन पर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग के कैरियर के सम्बन्धी जिज्ञासा समाधान किया अनामिका अवस्थी, स्वाती सोनकर ने आर्ट, डाक्टर सुमेधा रस्तोगी, डाक्टर पूजा त्रिवेदी ने किशोरियों को स्वस्थ, चेकअप परामर्श दिया, चिकित्सा विभाग द्वारा




प्रचारक राहुल ने कहा बहन अरूणिमा का आत्मविश्वास ,साहस ,पर्वता रोही बनना प्रेरणा योग्य है सेवा भारती के प्रान्त अध्यक्ष रविन्द्र सिंह गंगवार ने समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण, संस्कार को बचाने के लिए किशोरी को आत्मरक्षा, स्वावलंबन, घरेलू औषधियों, स्वस्थ से सम्बंधित प्रशिक्षण को आवश्यक बताया। विभाग सेवा प्रमुख गया प्रसाद ने बताया कि नगरीय , ग्रामी बस्तियों से 168 बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यशाला मे स्वास्थ्य, स्वलंबन, आत्मरक्षा, शिक्षा से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण हुआ ,एम्स रायबरेली की डीन नीरज कुमारी ने 75 पुस्तकें मेडिकल की तैयारी के लिए किशोरियों को भेट किया, पायलेट भव्या प्रकाश, रूपम धनेरिया,अपर पुलिस अधीक्षक अकांक्षा पाण्डे ए डी एम वित अम्रिता सिंह कार्यशाला मे आकर किशोरी आंख, दांत, ब्लड टेस्ट किया गया कइ बहनों हिमोग्लोबिन, आंख, मे कमी पाई गई जिन्हें दवा दिया गया, पिंकी, द्वारा आत्मरक्षा के लिए नियुद्ध, मंजु मूर्ति शर्मा पतंजलि योग समिति उन्नाव ने योगा प्राणायाम के साथ,घरेलू आर्युवेदिक औषधियों के प्रयोग से स्वस्थ रहना सिखाया,सुनीता यादव ने अगरबत्ती व अन्य उत्पाद बना कर रोजगार के गुण सिखाया,कार्यशाला संचालन मे मनोरमा प्रान्त उपाध्यक्ष, शारदा संयुक्त क्षेत्र किशोरी कार्य प्रमुख, रत्ना सिंह, सपना श्रीवास्तव, बबिता, अनंता मौर्य, सीता, टीनू चन्द्र, बहर से कार्यशाला के संचालन मे जगदीश यादव ,विनोद बाजपेई, शेखर,मोनू, विपुल श्रीवास्तव, नीलेश सचान,सक्रिय भूमिका निभाई।

# शहर में रहकर पढ़ सकेंगीं बेटियां,डीएम ने किया निर्माणाधीन छात्रावास का निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** शहर से सुदूर गांवों में रहने वाली बेटियों का जल्द ही शहर स्थित जीजीआईसी के छात्रावास में रहकर पढ़ने का सपना साकार होगा। शहर के पुलिस लाइंस चौराहे पर स्थित जीजीआईसी में निर्माणाधीन राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास की क्या प्रगति है, इसकी हकीकत जानने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर पहुंचीं। उन्होंने वहां पर निर्माण कार्यों की हकीकत देखी और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश भी दिए। निर्माणाधीन एजेंसी के ठेकेदार से तय समय में निर्माण कार्य को पूरा कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि तय मानकों



और गुणवत्ता के अनुसार ही कार्य होना चाहिए। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि यह छात्रावास 48 शैय्या से सुसज्जित होगा। बता दें, सरकार की तरफ से माध्यमिक शिक्षा के छात्राओं को सुविधा देने के उद्देश्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्रावास बनवाया जा रहा है।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति की कार्यवाही पूर्ण करें, पात्र छात्र/छात्राएं छात्रवृत्ति से न रहें वंचित : सृष्टि अवस्थी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** विद्यालय द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की तिथि 31 दिसम्बर 2024 तक निर्धारित जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत संशोधित समय-सारिणी निर्गत की गई है जिसके अन्तर्गत विद्यालय द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने हेतु 31 दिसम्बर 2024 तक की तिथि निर्धारित की गई है। सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु आनलाइन आवेदन करने की तिथि 11 जनवरी 2025 एवं विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को आनलाइन सत्याापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 23 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र-छात्राओं हेतु आनलाइन आवेदन करने की तिथि 28 मार्च 2025 तथा विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 16 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जनपद के समस्त विद्यालयों के प्राचार्य/प्रधानाचार्य से कहा है कि निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कार्यवाही पूर्ण किये जाने हेतु छात्रों को अवगत करायें तथा अपने स्तर से भी समयान्तर्गत कार्यवाही पूर्ण करें, जिससे कोई भी पात्र छात्र/छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित न रहें।

# संभल विवाद के बाद ज्ञानवापी मामले से जुड़े हिंदू पक्ष ने सुरक्षा की मांग की, पोस्टर लेकर रखी मांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** ज्ञानवापी मामले से जुड़े हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने प्रशासन से खुद की सुरक्षा की मांग की। इस दौरान वादिनि भी मौजूद रही। ज्ञानवापी मामले में हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं के साथ वादिनियों ने सुरक्षा की गुहार लगाते हुए सुरक्षा देने की मांग की। बताते चलें कि ज्ञानवापी मामले को कोर्ट कमीशन के आदेश के बाद अधिवक्ता और वादिनि को सुरक्षा दी गई थी लेकिन बताया जा रहा है कि सुरक्षा हटा ली गई जिसके बाद सुरक्षा की मांग जारी रही लेकिन नहीं मिली। बीते दिनों हुए संभल विवाद के बाद इस मामले के वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन की सुरक्षा भी की जाए इसकी मांग की गई।



# जीएल बजाज कॉलेज में सुपर कंप्यूटिंग पर कार्यशाला एआई में युवा दिमागों को सशक्त करने की पहल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** नोएडा स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ एआईएमएल विभाग और यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से किया गया। शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि एवं वक्ता के रूप में यूपीएलसी के प्रबंध निदेशक रवि



टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के सेंटर फॉर रिसर्च एंड इनक्यूबेशन द्वारा ठयुवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के लिए युवा उद्यमी तैयार करनेठ के विषय पर सुपर कंप्यूटिंग की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जीएलबीआईटीएम के सीएसई-नवीडिया ने अपने अत्याधुनिक जीपीयू संचालित तकनीकी समाधानों के माध्यम से कार्यशाला को समर्थन प्रदान किया। यह कार्यशाला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर केंद्रित थी, जिसमें तकनीकी विशेषज्ञ, उत्साही प्रतिभागी और उद्योग जगत के कई प्रमुख सहयोगी रंजन, डीएसवीवी हरिद्वार के पूर्व कुलपति डॉ. एसपी मिश्रा, आईफोकस सिस्ट्रेक के सीईओ एल. गणेश कुमार, टेल्स्ट्रा के डेटा साइंस विशेषज्ञ माधव एल मिश्रा, एआई ग्लोबल के रिसर्च एंड ट्रेनिंग कंसल्टेंट सुगंध गुप्ता, मोलोको (यूएसए) के सीनियर एमएल इंजीनियर अनविल त्रिपाठी, आईआईएम अहमदाबाद के एआई लीड अनुभव पैट्रिक और एडब्ल्यूएस जीडीएस के एसोसिएट डायरेक्टर विकास कालिया ने भाग लेकर अपने विचार साझा किये। इस कार्यशाला के आयोजन में कॉलेज के निदेशक डॉ. मानस कुमार मिश्रा, सीएसई-एआईएमएल विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश कुमार और जीएलबीसीआरआई के महाप्रबंधक डॉ. पूर्णेदु शेखर पांडे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में संस्थान के उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यशाला युवाओं को एआई और एमएल में विशेषज्ञता विकसित करने और नवाचार व उद्यमिता की दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी और प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का समन्वय और धन्यवाद प्रस्ताव प्रो. अतिउत्तमा मिश्रा द्वारा दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।